

दैनिक

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

आरएनआई क्र.MPHIN/2012/40924

# क्षितिज किरण

प्रेरणापुंज- विचित्र कुमार सिन्हा -- ब्यूरो प्रमुख भोपाल- विलक्षण सक्सेना

जबलपुर, होशंगाबाद एवं सीहोर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र निर्भीक समाचार-पत्र

प्रधान सम्पादक-कृष्णकान्त सक्सेना वर्ष-14, अंक -27 जबलपुर, सोमवार 24 फरवरी 2025 कीमत-70 पैसे पृष्ठ-8 संपादक अरुण श्रीवास्तव


## भारत ने पाक को चटाई धूल

**भारत ने लिया पाकिस्तान से 2017 का बदला, 6 विकेट से टीम इंडिया की बेहतरीन जीत**



नई दिल्ली-(आरएनएस)। भारत का सेमीफाइनल में पहुंचना लगभग तय हो गया है। वहीं पाकिस्तान चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो गया है। भारत के लिए विराट कोहली ने 111 गेंद पर नाबाद 100 रन बनाए। भारत ने इस जीत के साथ ही 2017 का पाकिस्तान के साथ अपना हिसाब बराबर कर लिया है। भारत ने चैंपियंस ट्र्रफी के इतिहास में पाकिस्तान के खिलाफ तीसरी जीत हासिल की है।

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के 5वां मुकाबला दुबई के स्टेडियम में भारत और पाकिस्तान के बीच खेला गया। जिसे भारतीय टीम ने 6 विकेट से जीता। पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 49.4 ओवर में 241 रन पर आउट हो गई। भारत ने 42.3 ओवर में 4 विकेट पर 244 रन बनाए। इस जीत के साथ भारत का सेमीफाइनल में पहुंचना लगभग तय हो गया है। वहीं पाकिस्तान चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो गया है। भारत के लिए विराट कोहली ने 111 गेंद पर

**कोहली का 51वां वनडे शतक, पाकिस्तान चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो सकता है**

नाबाद 100 रन बनाए। भारत ने इस जीत के साथ ही 2017 का पाकिस्तान के साथ अपना हिसाब बराबर कर लिया है। भारत ने चैंपियंस ट्र्रफी के इतिहास में पाकिस्तान के खिलाफ तीसरी जीत हासिल की है। पाकिस्तान ने भी इस टूर्नामेंट में भारत से तीन मैच जीते हैं।

लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की अच्छी शुरुआत थी। कप्तान रोहित शर्मा 15 गेंदों में 20 रन बनाकर पवेलियन लौटे। उन्हें शाहीन अफरीदी ने पांचवें ओवर में बोल्ड किया। इसके बाद, कोहली ने शुभमन गिल (52 गेंदों में 46, सात चौके) के साथ दूसरे विकेट के लिए 69 रनों की साझेदारी की। गिल को स्पिनर अबरार अहमद ने 18वें ओवर में बोल्ड किया। कोहली ने श्रेयस अय्यर (67 गेंदों में 56 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 114 रनों की अहम पार्टनरशिप की।

**प्रधानमंत्री ने छतरपुर के गढ़ा में बागेश्वर धाम चिकित्सा एवं विज्ञान अनुसंधान संस्थान की आधारशिला रखी-कैंसर अस्पताल में सुविधा से वंचित कैंसर रोगियों को मिलेगा मुफ़्त इलाज**

# बागेश्वर धाम आस्था के केंद्र के साथ आरोग्य का केंद्र बनता जा रहा है-प्रधानमंत्री मोदी

**अस्पताल का शिला पूजन स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम-मुख्यमंत्री डॉ. यादव**





**लगभग 218 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा अस्पताल निर्माण-अस्पताल का एक वार्ड प्रधानमंत्री मोदी की माताजी के नाम से होगा-पंडित धीरेंद्र शास्त्री**

भोपाल(आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि लोगों को किफ़ायती और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करना सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। लोगों को इलाज के ख़र्चे से निजात दिलाना हमारी ज़िम्मेदारी है। समाज के हर वर्ग के लिये बेहतर स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करने के लिये सरकार निरंतर कार्य कर रही है। यह बात प्रधानमंत्री श्री मोदी ने छतरपुर ज़िले के गढ़ा में 218 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले श्री बागेश्वर धाम मेडिकल साइंस एण्ड रिसर्च इंस्टिट्यूट के शिला पूजन समारोह में कही।

शिला पूजन समारोह में राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, खजुराहो सांसद श्री वी.डी. शर्मा, संत श्री रामभद्राचार्य, पीठाधीश्वर बागेश्वर धाम पं. श्री धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री, राष्ट्रीय कथा व्यास साध्वी ऋतम्भरा दीदी, महंत श्री बालक योगेश्वर दास जी उपस्थित रहे।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने अपने भाषण की शुरूआत बुंदेलखंडी बोली में लोगों को मोरी तरफ से दोई हाथ जोड़ के राम राम कहकर की। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि पिछले 60 दिनों में दूसरी बार वीरों की धरती पर आने का सौभाग्य मिला है। बागेश्वर धाम आस्था का केंद्र तो है ही अब वह आरोग्य का केंद्र भी बनने जा रहा है। श्री बागेश्वर धाम जन सेवा समिति के प्रयासों से यहाँ कैंसर अस्पताल का निर्माण किया जा रहा है। पंडित श्री धीरेंद्र शास्त्री का यह कार्य पुनीत होकर अभिनंदनीय है। उन्होंने बुंदेलखंड के लोगों को इसके लिए बधाई दी।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने 30 वर्ष एवं उससे अधिक की आयु के युवाओं से अपने स्वास्थ्य की जाँच कराने का आव्हान किया और कहा कि ज़रा भी शंका हो तो स्वास्थ्य संस्थान जाकर अवश्य जाँच कराए। इस बीमारी का मुख्य कारण बीड़ी, सिगरेट, गुटखा, पान मसाले का सेवन है। इन घातक नशों से आपको और अन्य को दूर रखना होगा। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि वर्ष 2014 के पहले देश में ग़रीब व्यक्ति बीमारी से ज्यादा इलाज में होने वाले ख़र्च से डरता था। उन्होंने गरीबों की इसी चिंता को दूर करने के लिये आयुष्मान भारत योजना प्रारंभ की। अब इस योजना में गरीबों को 5 लाख रुपये तक का निःशुल्क उपचार उपलब्ध हो रहा है। योजना में अब 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को निःशुल्क उपचार की सुविधा भी दी जा रही है। योजना का लाभ प्रदान करने के लिये कोई पैसे मांगे तो मुझे चिट्ठी भेजकर बताएं।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने पीएम जन औषधि केंद्रों की शुरुआत का जिक्र भी किया, जहां 80 प्रतिशत छूट पर दवाएं उपलब्ध हैं। इस वर्ष के बजट में कैंसर की दवाओं को सस्ता किया गया है। सरकार अगले तीन साल में हर ज़िले में कैंसर डे केयर सेंटर खोलने की तैयारी कर रही है। किडनी की बीमारी से लड़ने के लिए भारत के 700 से अधिक ज़िलों में पंद्रह सौ से अधिक डायलिसिस सेंटर खोले गए हैं जहाँ निःशुल्क सुविधा दी जा रही है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि वे जनता के लिये उनका सेवक बनकर जन सेवा में जुटे हुए हैं।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि प्रयागराज में हो रहा महाकुंभ एकता का महाकुंभ है, जिसमें सेवा भाव संकल्प प्रदर्शित हो रहा है। उन्होंने महाकुंभ में दिन-रात कार्य कर 24 घंटे कुंभ स्थल को साफ एवं स्वच्छ रखने में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले सफाईकर्मियों के परिश्रम और निष्ठा को नमन करते हुए बधाई दी। उन्होंने सराहना करते हुए कहा कि पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों ने पूरे मनोयोग एवं संकल्प के साथ सुरक्षा में लगकर देशवासियों का दिल जीत लिया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने नेत्र महाकुंभ की चर्चा की जहां 2 लाख से अधिक व्यक्तियों की जांच की गई। इसमें डेढ़ लाख व्यक्तियों को निशुल्क दवाई एवं चश्मे प्रदान किए गए एवं 16 हजार व्यक्तियों की निशुल्क मोतियाबिंद के ऑपरेशन कराए गए। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि बागेश्वर धाम के पं. धीरेंद्र शास्त्री जी देश में एकता के मंत्र को लेकर लोगों को जागरुक करने का कार्य कर रहे हैं। उनके द्वारा लोगों के स्वास्थ्य के दृष्टिगत अस्पताल निर्माण का कार्य भी अत्यंत सराहनीय है। बागेश्वर धाम में अब भोजन, भजन और निरोगी जीवन तीनों का आशीर्वाद मिलेगा। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि वे कैंसर अस्पताल के उद्घाटन में भी आएंगे।

## इंदौर से प्रयागराज जा रहे श्रद्धालुओं की कार का मैहर में एक्सीडेंट, 3 लोगों की मौत




कटनी (आरएनएस)। इंदौर से प्रयागराज कुंभ जा रहे एक परिवार की कार मैहर में हादसे का शिकार हो गई। हादसे में कार सवार दो लोगों की मौके पर मौत हो गई, जबकि दो लोगों को गंभीर हालत में कटनी रेफर किया गया था। कटनी से जबलपुर ले जाते समय एक युवती ने भी दम तोड़ दिया।

जानकारी के अनुसार इंदौर के राजेन्द्र नगर थाना अंतर्गत इंद्रजीत नगर निवासी कचलानी परिवार के सदस्य कार से प्रयागराज महाकुंभ में शामिल होने निकले थे। रविवार की सुबह उनकी कार मैहर के अमदरा व पकरिया के बीच बोरी गांव के पास अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। दुर्घटना में कार में सवार गीता कचलानी पति ईश्वर कचलानी 40 साल और चालक प्रसाद धर्रागवणकर 45 साल की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि ईश्वर कचलानी पिता बिक्रिया कचलानी 48 वर्ष और उनकी बेटी विनीता कचलानी 19 साल को गंभीर चोट आई।

सूचना मिलते ही अमदरा थाना प्रभारी संजय दुबे मौके पर पहुंचे और दोनों घायलों को कटनी अस्पताल भेजा गया। घटना की जानकारी लगते ही कटनी से उनके रिश्तेदार पहुंचे और घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से हालत में सुधार न होने पर विनीता को जबलपुर रेफर कर दिया गया।

**अस्पताल ले जाते समय युवती की मौत**

विनीता को रिश्तेदार जबलपुर लेकर जा रहे थे और पीरबाबा के पास ही उसने भी दम तोड़ दिया। जिसका शव वापस जिला अस्पताल लाया गया। वहीं घायल ईश्वर का इलाज जारी है। घटना का कारण चालक को झपकी आना बताया जा रहा है।

### महाकुंभ में 62 करोड़ श्रद्धालुओं ने किया स्नान, मुख्यमंत्री योगी ने इसे सदी की सबसे दुर्लभ घटना बताया

आगरा। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि प्रयागराज के महाकुंभ में अब तक 62 करोड़ श्रद्धालु आ चुके हैं और एक निश्चित कालखंड के दौरान इतनी बड़ी संख्या में लोगों का एकत्र होना अपने आप में सदी की दुर्लभतम घटनाओं में से एक है। आगरा में 'यूनिकॉर्न कंपनीज कॉन्क्लेव' (यूनिकॉर्न कंपनियों का सम्मेलन) में मुख्यमंत्री योगी ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा, मैं इसे स्टार्टअप की दुनिया का यूनिकॉर्न महाकुंभ कह सकता हूं।

## महिला ने पिया जहर, अस्पताल ले जाते वक्त ट्राले से टकराई कार... पांच की मौत



खंडवा.(आरएनएस)। तेज रफ्तार ट्राले और बोलरों की टक्कर में पांच लोगों की मौत हो गई. वहीं दो घायलों को उपचार के लिए सनावद अस्पताल में भर्ती किया गया. हादसा पुनासा रोड पर शनिवार रात करीब 10 बजे सुलगांव के पास हुआ. हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई. हादसे को लेकर लोगों ने आक्रोश जताया और पुलिस को भी घेरा.

बोलेरो कार क्रमांक एमपी 08-टी-2524 कार गुना रजिस्टर्ड है. बताया जाता है कि कार में पुनासा के पास ग्राम गोराडिया का परिवार बैठा हुआ था. परिवार की एक महिला ने किसी कारण से घर में जहर पी लिया था. उसे कार से सनावद अस्पताल लेकर जा रहे थे.

कार में महिला सहित करीब सात लोग सवार थे. वहीं ढाला क्रमांक एमपी 08-जेडएफ-2278 सनावद से पुनासा की और जा रहा था. सुलगांव के पास पेट्रोल पंप के सामने (सनावद तरफ) ट्राले से आमने सामने की टक्कर के बाद कार सड़क से नीचे उतर गई. वहीं ट्राला भी सड़क पर आड़ा हो गया.

## आप की बैठक में आतिशी के नाम पर लगी मुहर, दिल्ली विधानसभा को मिली पहली महिला नेता प्रतिपक्ष



नई दिल्ली-(आरएनएस)। पूर्व मुख्यमंत्री और आप की वरिष्ठ नेता आतिशी दिल्ली विधानसभा में विपक्ष की नेता की भूमिका निभाएंगी। रविवार को आप कार्यालय में विधायक दल की बैठक हुई, जिसमें विधायकों ने सर्वसम्मति से उन्हें विपक्ष का नेता चुना। बता दें, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के खिलाफ सशक्त महिला चेहरे के तौर पर आतिशी का नाम प्रस्तावित किया गया था। आतिशी दिल्ली विधानसभा में विपक्ष की पहली महिला नेता होंगी। आतिशी के दिल्ली विधानसभा में विपक्ष के नेता चुने जाने पर आप नेता गोपाल राय ने कहा, आज विधायक दल की बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है

**कांग्रेस के खिलाफ शशि थरूर के बगावती तेवर-कहा**

## मैं पार्टी के साथ, लेकिन उन्हें जरूरत नहीं तो मेरे पास भी विकल्प



नई दिल्ली-(आरएनएस)। वरिष्ठ कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कांग्रेस को चेतावनी दी कि अगर पार्टी को उनकी सेवाओं की आवश्यकता नहीं है तो उनके पास विकल्प हैं। मलयालम पॉडकास्ट में बोलते हुए, थरूर ने पार्टी बदलने की अफवाहों का खंडन किया। उन्होंने कहा कि भले ही विचारों में अंतर हो, लेकिन वह ऐसा नहीं मानते। वरिष्ठ कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केरल में पिनाराई विजयन के नेतृत्व वाली एलडीएफ सरकार की प्रशंसा की थी। उनकी इस टिप्पणी पर विवाद छिड़ा हुआ है। इस विवाद के बीच, थरूर ने कांग्रेस को चेतावनी दी कि अगर पार्टी को उनकी सेवाओं की आवश्यकता नहीं है तो उनके पास विकल्प हैं। पॉडकास्ट साक्षात्कार के दौरान, थरूर ने विवाद पर प्रतिक्रिया व्यक्त की और कहा कि उन्होंने कभी खुद को एक राजनेता के रूप में नहीं सोचा और उनके पास संकीर्ण राजनीतिक विचार हैं। उन्होंने कांग्रेस से नए मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए केरल में अपना आधार बढ़ाने का आह्वान किया और पार्टी की राज्य इकाई में एक नेता की अनुपस्थिति पर प्रकाश डाला। थरूर ने उनके और कांग्रेस के बीच मतभेद की खबरों पर भी टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। बता दें, थरूर ने पहले केरल सरकार की नीतियों और अमेरिका में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मिलने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा की थी, जो कांग्रेस को पसंद नहीं आए थे।

## जयशंकर ने डोनाल्ड ट्रंप के दावों को चिंताजनक बताया, कहा सरकार कर रही है जांच



नई दिल्ली-(आरएनएस)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को दावा किया कि बाइडन प्रशासन ने भारत को उसके चुनाव में मदद के लिए 1.8 करोड़ अमेरिकी डॉलर की धनराशि आवंटित की। ट्रंप के दावे ने भारत में विवाद पैदा पर दिया है।

जयशंकर ने कहा है कि ट्रंप प्रशासन द्वारा दी गई जानकारी चिंताजनक है और सरकार इसकी जांच कर रही है।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स (एसआरसीसी) में आयोजित डीयू साहित्य महोत्सव में भाग लिया।

## महाराष्ट्र-कर्नाटक के बीच विवाद बढ़ा, बस सेवाएं निलंबित, उद्धव के कार्यकर्ताओं ने बसों पर पोती कालिख




मुंबई.(आरएनएस)। महाराष्ट्र और कर्नाटक के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए महाराष्ट्र राज्य परिवहन निगम ने दोनों राज्यों के बीच बस सेवाएं निलंबित कर दी हैं. पहले बेलगावी में मराठी न बोलने पर कंडक्टर की पिटाई और बाद में कर्नाटक में महाराष्ट्र के चालक पर कन्नड़ में जवाब न देने पर हमले के बाद यह फैसला लिया गया है. इसी बीच पुणे में उद्धव ठाकरे की पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कर्नाटक नंबर प्लेट वाली बसों पर कालिख पोत दी. गौर हो कि 22 फरवरी को कर्नाटक के बेलगावी में कंडक्टर पर आरोप लगा कि मराठी में जवाब न देने पर उनके साथ बेरहमी से पिटाई की गई. कर्नाटक पुलिस ने इस मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है तथा एक नाबालिग को हिरासत में रखा गया है. मामला पोक्सो एक्ट के तहत दर्ज किया गया है. बीती रात कर्नाटक के चित्रदुर्ग में कुछ बदमाशों ने रूस्क्रअ्रष्ट के चालकों पर हमला किया. हमलावरों ने चालकों के चेहरे पर कालिख पोत दी, जिससे सुरक्षा के प्रति चिंता बढ़ गई. महाराष्ट्र के परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने कहा कि यात्रियों और कर्मचारियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कोल्हापुर डिवीजन से लेकर कर्नाटक तक की बस सेवाएँ अगले नोटिस तक निलंबित रहेंगी. मंत्री ने घायल चालक ड्राइवर भास्कर जाधव से फोन पर बात करते हुए आश्वासन दिया कि सरकार उनके साथ पूरी तरह से खड़ी है. उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जब तक कर्नाटक सरकार इस मुद्दे पर स्पष्ट रुख नहीं अपनाती, बस सेवाओं का निलंबन जारी रहेगा.

### सोमवार से 5वीं व 8वीं की बोर्ड परीक्षा, मप्र में 25 लाख विद्यार्थी होंगे शामिल

भोपाल - प्रदेश के सरकारी व निजी स्कूलों की पांचवीं व आठवीं की बोर्ड परीक्षा सोमवार से शुरू होगी। इसमें प्रदेशभर से करीब 25 लाख विद्यार्थी शामिल होंगे। दोनों कक्षाओं की परीक्षा दोपहर दो से शाम 4ः30 बजे तक चलेंगी। पहला प्रश्नपत्र हिंदी, अंग्रेजी, उर्दू व मराठी विषय का है। वहीं जीआइएस समिट के चलते स्कूल शिक्षा विभाग ने निर्देश जारी किए हैं कि राजधानी में जिनके परीक्षा केंद्र कार्यक्रम स्थल के आसपास हैं,

## तेलंगाना- टनल हादसे में 8 मजदूर अभी भी अंदर फंसे, बचाव कार्य में जलभराव और कीचड़ से बाधा



हैदराबाद.(आरएनएस)। तेलंगाना के नागरकुरनूल जिले के डोमलापेंटा में स्थित एसएलबीसी सुरंग में हुए हादसे के बाद सीनियर इंजीनियर समेत आठ मजदूर फंसे हुए हैं. बचाव दल लगातार मजदूरों तक पहुंचने की कोशिश कर रहा है. सुरंग का एक हिस्सा ढह जाने के कारण अंदर फंसे लोगों से संपर्क नहीं हो पा रहा है. तेलंगाना के नागरकुरनूल जिले में श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल सुरंग का एक हिस्सा शनिवार को ढह गया था जिसके कारण आठ मजदूर अंदर फंस गए.

एनडीआरएफ टीम एक लोको ट्रेन के जरिए 11वें किलोमीटर तक पहुंच गई लेकिन आगे पानी और कीचड़ जमा होने के कारण रास्ता बाधित हो गया. सुरंग में करीब तीन फीट पानी भर गया है. बचाव दल पैदल उस जगह पर पहुंच गया है जहां छत गिरी थी. दुर्घटना में टनल बोरिंग मशीन को भारी नुकसान हुआ है. सुरंग की छत से तेजी से निकले पानी और मिट्टी के दबाव से मशीन 80 मीटर पीछे खिसक गई.



जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना मदनमहल में आदित्य मिश्रा उम्र 30 वर्ष निवासी आस्था अपार्टमेंट राईट टाउन मदनमहल ने लिखित शिकायत की कि वह प्राईवेट काम करता है उसकी शादी पूजा दुबे जो कि नरसिंहपुर की रहने वाली है से वर्ष 2021 में हुई थी। पत्नि पूजा दुबे ने बताया कि आकाश नेमा निवासी नरसिंहपुर का फैमली मेम्बर की तरह है और सरकारी नौकरी लगवाता है, आकाश नेमा का उसके घर आना जाना रहता था । आकाश नेमा ने उसके घर आकर उसे पटवारी में एवं पूजा दुबे को संविदा वर्ग-02 में सरकारी नौकरी लगवाने की बात कही तो उसने अपनी एवं पत्नि की सरकारी नौकरी लगाने हेतु

**प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को जबलपुर महानगर के 967 बूथों में सामूहिक सुना**

# देश की प्रेरणास्पद महिलाओ के नाम रहेगा एक दिन-नरेंद्र मोदी

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के 119वें संस्करण को जबलपुर महानगर के सभी 967 बूथों में सुना गया। भारतीय जनता पार्टी द्वारा सभी बूथों में मन की बात सुनने का आग्रह किया गया था और स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपने अपने बूथों में क्षेत्रीय जनों के साथ कार्यक्रम को सुना। भाजपा नगर अध्यक्ष श्री रत्नेश सोनकर ने पूर्व विधानसभा के सुभाषचंद्र बोस मंडल के सुभाष वार्ड के बूथ क्र 42 में कार्यकर्ताओ और क्षेत्रीय जनों के साथ मन की बात सुनी।

नगर अध्यक्ष श्री रत्नेश सोनकर ने बताया हमारे प्रधानमंत्री जी माह के अंतिम रविवार को देश की जनता को मन की बात के रेडियो कार्यक्रम के माध्यम से संबोधित कर तात्कालिक विषयो, परिस्थितियों और सम सामयिक घटनाओं के संदर्भ पर चर्चा करते है और अपने विचारो से मार्गदर्शित करते है। भाजपा के तय कार्यक्रमों में इस महत्पूर्ण कार्यक्रम को भी बूथ स्तर पर सुना जाता है जिसमे हमारे कार्यकर्ता स्थानीय लोगो के साथ मिलकर मन की बात सुनते है। उन्होंने कहा इस बार भी माननीय प्रधानमंत्री जी ने प्रेरणाप्रद मार्गदर्शन देते हुए महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार रखे जिसे हम सभी ने सुना।

मन की बात के प्रमुख बिंदु

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने %मन की बात% के 119वें संस्करण में देशवासियों को संबोधित करते हुए अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत की उपलब्धियाँ के विषय में चर्चा करते हुए इसरो (ढ्ढस्ह्र) द्वारा 100वें रॉकेट की सफल लॉन्चिंग का उल्लेख किया, जो देश की अंतरिक्ष विज्ञान में निरंतर प्रगति का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि पिछले 10 वर्षों में इसरो ने लगभग 460 सैटेलाइट्स लॉन्च की हैं, जिनमें कई विदेशी सैटेलाइट्स भी शामिल हैं। उन्होंने यह भी बताया कि इसरो की टीम में नारी शक्ति की भागीदारी लगातार बढ़ रही है। उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (ढ्ढ) में भारत की प्रगति पर बात करते हुए पेरिस में आयोजित ढ्ढ सम्मेलन में भारत की उपलब्धियों की सराहना का जिक्र किया।

उन्होंने तेलंगाना के आदिलाबाद जिले के शिक्षक थोडासम कैलाश का उदाहरण दिया, जो ढ्ढ टूल्स की मदद से कोलामी भाषा में गाने तैयार कर रहे हैं, जिससे आदिवासी भाषाओं के संरक्षण में मदद मिल रही है। प्रधानमंत्री जी ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस और %एक दिन वैज्ञानिक के रूप में% पहल पर चर्चा करते हुए आगामी राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के संदर्भ में, युवाओं को %एक दिन वैज्ञानिक के रूप में% बिताने का सुझाव दिया। उन्होंने रिसर्च लैब, प्लैनेटेरियम या स्पेस सेंटर जैसी जगहों पर जाकर विज्ञान के प्रति जिज्ञासा बढ़ाने की बात कही। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष पहल करते हुए 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर, अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स (जैसे एक्स और इंस्टाग्राम) को देश की प्रेरणास्पद महिलाओं को एक दिन के लिए समर्पित करने की घोषणा की, ताकि वे अपने कार्य और अनुभवों को साझा कर सकें। प्रधानमन्त्री जी ने राष्ट्रीय खेलों में युवाओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उत्तराखंड में आयोजित राष्ट्रीय खेलों में 11,000 से अधिक एथलीटों की भागीदारी और सेवाओं की टीम द्वारा सर्वाधिक स्वर्ण पदक जीतने की सराहना की। उन्होंने हिमाचल प्रदेश के सावन बरवाल, महाराष्ट्र के किरण मात्रे, आंध्र प्रदेश की ज्योति याराजी, उत्तर प्रदेश के सचिन यादव, हरियाणा की पूजा, और कर्नाटक की धिनिधि देसिन्धु जैसे युवा खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन का विशेष उल्लेख किया। श्री मोदी ने मोटापे की बढ़ती समस्या पर पर बात करते हुए देश में बढ़ते मोटापे पर चिंता व्यक्त की, विशेषकर बच्चों में मोटापे की समस्या का जिक्र किया। उन्होंने बताया कि हर आठ में से एक व्यक्ति मोटापे से पीड़ित है और बच्चों में यह समस्या चार गुना बढ़ गई है। उन्होंने खाने में तेल की मात्रा में 10त्न की कमी करने जैसे छोटे कदमों से इस समस्या से निपटने का सुझाव दिया।

**प्रधानमंत्री ने बोर्ड परीक्षा देने वाले छात्रों को शुभकामनाएँ दीं और उन्हें बिना किसी चिंता और डर के अपना सर्वश्रेष्ठ देने के प्रयास करने की सलाह दी।**



भाजपा द्वारा महानगर के बूथों के आयोजित कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर के साथ मंडल प्रभारी महामंत्री पंकज दुबे, रजनीश यादव, राजेश मिश्रा, अभय सिंह ठाकुर, जय सचदेवा, रोहित जैन, अंजु भार्गव, तृष्णा चटर्जी, रंजीत पटेल, प्रणीत वर्मा, कुंडल राव, प्रशांत केसरवानी, श्रीकान्त साहू, शरद ताम्रकार, सिद्धार्थ शुक्ला, चित्रकांत शर्मा, मंडल अध्यक्ष संतोष यादव, प्रणय गुप्ता, प्रशांत दुबे, शैलेंद्र विश्वकर्मा, नरेश पटेल, राहुल रजक, पुष्पराज पांडे, सपन यादव, योगेश बिलोहा, जागृति शुक्ला, गुड्डा केवट, पुष्पराज सेंगर, सौरभ गोयल, योगेश लोखंडे, अमित राय, ऋषि सोनकर, अकील अहमद के साथ बूथ अध्यक्ष, शक्ति केंद्र संयोजक, पार्षद आदि शामिल हुए।



# खाटू वाले श्याम बाबा का 20वा वार्षिकोत्सव 1 व 2 मार्च को

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। श्री श्याम महिमा मंडल द्वारा आगामी 1 व 2 मार्च को खाटू वाले श्याम बाबा का 20वा वार्षिकोत्सव काफी धूमधाम से मनाया जाने वाला है जिसके अन्तर्गत 1 मार्च को विशाल शोभा यात्रा सुबह 10 बजे बलदाऊ जी मंदिर कोतवाली से प्रारंभ होकर बंगला मुखी मंदिर मालवीय चौक में विधिवत समापन होगी। इस शोभा यात्रा में हजारों श्रद्धालु शामिल होंगे और भक्ति भाव से श्याम प्रभु के जयकारे लगाते हुए नगर भ्रमण करेंगे। इसके उपरांत 2 मार्च को शाम 5 बजे से शहीद स्मारक गोलबाजार में भव्य भजन संध्या एक शाम खाटू वाले शयाम के नाम का आयोजन किया जाएगा। इस भजन संध्या में बरेली उत्तर प्रदेश की सुप्रसिद्ध भजन गायिका श्रीमति अंजलि द्विवेदी व जबलपुर के लाडले बल्लू शर्मा सहित अन्य स्थानीय भजन कलाकार अपनी प्रस्तुतियाँ देंगे और श्याम भक्तों को भक्तिरस में सराबोर करेंगे। भजन संध्या के अवसर पर अलौकिक पुष्प श्रृंगार, अखंड जोत, छप्पन भोग, फूलों की होली और श्याम की रसोई जैसी दिव्य झाँकियाँ भक्तों के दर्शन के लिए उपलब्ध रहेंगी। इस आयोजन को लेकर आज एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई जिसमें समिति के अधयक्ष श्री ओमप्रकाश अग्रवाल, सचिव श्री पवन बगदोरिया व अन्य पदाधिकारियों ने बताया कि यह निशुल्क आयोजन पूरी तरह भक्तिमय माहौल में संपन्न होगा और नगर के श्रद्धालुओं के लिए एक अद्वितीय आध्यात्मिक अनुभव रहेगा। समस्त श्रद्धालुओं से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होकर इस भव्य आयोजन का लाभ उठाएँ।

# कर्मकांड का शुद्धिकरण के पश्चात अंतःकरण की शुद्धि होती है- स्वामी अखिलेश्वरानंद महाराज



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। कर्मकांड का शुद्धिकरण के पश्चात अंत:करण की शुद्धि होती है। श्रीमद् शंकराचार्य जी ने सनातन धर्म का उद्धार किया वह अवतारी महापुरुष थे। सत्संग में वही प्राणी पहुंचता है जिस पर ईश्वर की कृपा होती है। बिना ईश्वर की कृपा के कोई भी प्राणी सत्संग में नहीं पहुंच सकता है। उपरोक्त उद्गार ग्वारीघाट स्थित साकेतधाम में श्री रामेश्वरम महादेव के 21 वें पाटोत्सव के द्वितीय दिवस में स्वामी मुक्तानंद जी महाराज ने व्यक्त किये। स्वामी अखिलेश्वरानंद जी महाराज ने कहा कि असली संत वही है, जो दूसरों के कल्याण के लिए अपनी जान देने से भी पीछे नहीं हटता है। दंडी स्वामी श्री स्वरूपानंद जी महाराज ने कहा कि जिस पुरुष के पास भक्ति व सत्संग की पूंजी है, उसे कोई पराजित नहीं कर सकता है। व्यक्ति वेशभूषा से नहीं चरित्र से संत होता है। चरित्र से बना संत महान होता है। पंडित उमाशंकर शर्मा व्यास जी ने कहा कि निष्कामता से सकामता श्रेष्ठ है। प्रताप भानु नकली निष्कामता के कारण राक्षस हुए और रावण के रूप में जन्म लेते है। निष्काम कर्मयोगी ही ब्रह्मविद्या का अधिकारी है, श्रद्धावान ही धर्म तत्व को जान सकता है। स्वामी गिरिशानंद सरस्वती जी महाराज ने कहा कि धर्म से वैराग्य, जोग से ज्ञान और ज्ञान से मोक्ष प्राप्त होता है। प्रत्येक मनुष्य आंतरिक दुख की निवृत्ति चाहता है, सुख की कामना करता है। अंत:करण चेतना से जीव बनता है ऐसे जीव का आत्मा का आवरण होता है। तब यह जीवात्मा परमात्मा से मिलता है। स्वामी अखंडानंद सरस्वती विशिष्ट अलंकरण समारोह* में आज परम पूज्य वैदिक उत्थान के प्रणेता, योगगुरु, दीर्घजीवी, महाअवतार बाबा श्री अमर ज्योति जी महाराज का सम्मान साकेतधाम में किया गया। अवतारी बाबा अमर ज्योति जी महाराज ने कहा कि ज्ञान का अभिमान ही अज्ञानता है। साधन की शुद्धि ही साध्य को प्राप्त करा सकती है। ब्रम्हा अभिनाशी नही हैं, उसका भी समय निर्धारित है, जो अभिनाशी है वह शिव है। यज्ञ वह सफल होता है जो उचित अवसर पर होता है। शिव विरागी है और विरागी को रागी बनाकर ही शिवत्व की प्राप्ति होती है। संत विद्वानों का स्वागत अभिनंदन रविन झुनझुनवाला, रविनंदन सिंह, रत्नेश सोनकर, कैलाश गुप्ता, जर्नल पदम सिंह शेखावत, मैत्रेय दीदी,आनंद वैध, के.एन.दुबे, अशोक टेकरीवाल, मोनी अग्रवाल, राजेश केडिया, नितिन ढिमोले, सोनू बचवानी, मनीष दुबे, लखन घनघोरिया, विनोद गोंटिया, राजू चौधरी, संजय अग्रवाल, अनिल गोयल, शरद काबरा, विवेक अग्रवाल आदि ने किया मंच संचालन डॉक्टर बृजेश दीक्षित एवं स्वस्तिवाचन पंडित रोहित दुबे पंडित सौरभ दुबे ने कराया।

**वेद, पुराण, धर्म दर्शन, स्मृति, साधना, उपासना, संस्कार कई विषयों के उपलब्ध होंगे विशाल साहित्य- गायत्री शक्ति पीठ के द्वारा किया जा रहा है भव्य आयोजन**

# विराट पुस्तक मेला एवं आध्यात्मिक प्रदर्शनी 25 फरवरी से



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। एक विराट पुस्तक मेला एवं आध्यात्मिक प्रदर्शनी का आयोजन 25 फरवरी से 3 मार्च 2025 तक शहीद स्मारक ग्राउंड गोल बाजार जबलपुर में प्रात 11 बजे से रात्रि 9 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। यह आयोजन गायत्री शक्ति पीठ साहित्य विस्तार पटल के द्वारा किया जा रहा है। इस पुस्तक मेला में युग ऋ षि, वेदमूर्ति तपोनिष्ठ पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा मानव जीवन की लगभग सभी समस्याओं के समाधान हेतु जीवन उपयोगी साहित्य उपलब्ध होगा। यह साहित्य जाति, वर्ग, धर्म, संप्रदाय से ऊपर उठकर मानव मात्र के कल्याण के लिए युगऋ षि द्वारा लिखा गया है, जिसमें वेद, पुराण, उपनिषद, धर्म दर्शन, स्मृति, गायत्री एवं यज्ञ का तत्व दर्शन, संस्कार, उपासना, साधना, वनोषधि विज्ञान, अध्यात्म का वैज्ञानिक प्रतिपादन, परिवार, समाज एवं राष्ट्र निर्माण, छात्रोपयोगी, पर्यावरण आदि विषयों पर विशाल साहित्य की श्रृंखला उपलब्ध होगी।

गायत्री परिवार ने सभी से अपील की है कि वह सभी स्वयं के सर्वांगीण विकास एवं परिवार सहित एक बार पुस्तक मेला का अवलोकन करने अवश्य आए एवं अपनी रुचि अनुसार साहित्य क्रय कर अपने घरों में देव प्रतिमा सदृश्य साहित्य की स्थापना पर अवश्य विचार करें। गायत्री तपोभूमि मथुरा के प्रमुख प्रतिनिधि राम मुरारी गुप्ता, गायत्री परिवार जबलपुर के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी ब्रिज बिहारी शर्मा, मेला संयोजक जगदीश दीक्षित, उप जोन प्रभारी नरेश तिवारी, नारायण दुबे, प्रमोद राय, प्रकाश मुरझानी, प्रकाश सेन, कविता तिवारी, गीता डोंगरे, मृदुला शर्मा, कमल राय, मनोज सेन, सुनील मालवीय आदि ने सभी से अधिक से अधिक संख्या में मेला स्थल में पहुंचने की अपील की है। पुस्तक मेला में प्रदर्शित पुस्तकों की प्रमुख विशेषताएं– पुस्तक मेले का उद्देश्य लाभ कमाना नहीं है, लागत मूल्य पर एवं जन सहयोग से आधे मूल्य पर भी साहित्य उपलब्ध कराना है। कोई विज्ञापन नहीं कोई कॉपीराइट नहीं है। सरल सहज और सुबोध भाषा में कम पढ़े लिखे व्यक्तियों से लेकर प्रबुद्ध वर्ग तक की जिज्ञासाओं का समाधान करने वाला अद्वितीय साहित्य है। जीवन की सभी समस्याओं का समाधान। सभी पुस्तक व्यक्ति परिवार समाज एवं राष्ट्र निर्माण से संबंधित है ।

पुस्तक मेला के कार्यक्रम एवं आकर्षण प्रमुख बिन्दु–

– 25 फ रवरी को प्रात11 बजे कलश एवं वेद ग्रंथ धारी महिलाओं की शोभा यात्रा गायत्री शक्तिपीठ श्रीनाथ की तलैया से प्रारंभ होकर पुस्तक मेला स्थल शहीद स्मारक गोल बाजार पहुंचेगी। इस दौरान स्वामी अखिलेश्वरानंद महाराज एवं आई एस श्रीवास्तव पूर्व न्यायाधिपति द्वारा वेद एवं देव पूजन कर पुस्तक मेला का शुभारंभ किया जाएगा पुस्तक मेला में प्रतिदिन सायं 3 से 5 बजे तक पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य व्याख्यान माला आयोजित की जाएगी, जिसमें विभिन्न संत महात्माओं एवं प्रतिष्ठित समाजसेवियों द्वारा विशिष्ट विषयों पर अपने विचार व्यक्त किए जाएंगे। सायंकाल प्रतिदिन विभिन्न साहित्यक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आध्यात्मिक कवि सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।

# शरद अग्रवाल ने 119 वें मन की बात के संस्करण को सुना



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। भारतीय जनता पार्टी व्यापारी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजन एवं वन नेशन वन इलेक्शन के प्रदेश टीम के सदस्य श्री शरद अग्रवाल ने आज माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 119वे मन की बात की संस्करण को उत्तर मध्य विधानसभा के जवाहरगंज वार्ड के बूथ क्रमांक 173 में सुना इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ता गण उपस्थित थे ।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1,गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2025
एम. 501/ 2024/2025 दिनांक 21.02.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती शशि बाई पटेल, पति- श्री रमेश पटेल** ने भवन क्रं. एम.आई.जी- 1900/सी-42 पिन क्र. 1000492486 **वार्ड क्र. 16, वार्ड महाराणा प्रताप,** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) श्री एम.के.चौबे, पिता- स्व. श्री रामदयाल, भूतल 1129 व.फु. आर.सी.सी., प्रथमतल 349 व.फु. आर.सी.सी., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

**संभागीय अधिकारी संभाग-1 गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1,गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2025
एम. 500/ 2024/2025 दिनांक 21.02.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **1. श्रीमती शालिनी पटेल, पति श्री नंदकिशोर पटेल, 2. श्री नंदकिशोर पटेल, पिता श्री प्रताप सिंह पटेल** ने भूखंड क्रं. बी- 15 पिन क्र. 1004566517 **वार्ड क्र. 71, वार्ड वीर दुर्गादास राठौर,** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) श्रीमती पूनम कौर, पति- सरदार गुरप्रीत सिंह, क्षेत्रफल 1250 व.फु., भूतल 900 व.फु. आर.सी.सी., प्रथमतल 800 व.फु. आर.सी.सी., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

**संभागीय अधिकारी संभाग-1 गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1,गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2025
एम. 499/ 2024/2025 दिनांक 21.02.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री प्रमोद सिंह, पिता श्री यशवंत सिंह** ने खसरा क्रं. 735/1 पिन क्र. 1000567498 का भाग **वार्ड क्र. 03, वार्ड त्रिपुरी,** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) 1. श्री कमलेश प्रजापति, पिता- अन्नीलाल प्रजापति, 2.श्री अंगद प्रजापति, पिता- अन्नीलाल प्रजापति, 3. रोहनी बाई प्रजापति, क्षेत्रफल 435 व.फु., भूतल 435 व.फु. आर.सी.सी., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

**संभागीय अधिकारी संभाग-1 गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1,गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2025
एम. 498/ 2024/2025 दिनांक 21.02.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती सुकन्या सिंह, पति श्री विक्रम सिंह** ने खसरा क्रं. 735/1 पिन क्र. 1000567498 **वार्ड क्र. 03, वार्ड त्रिपुरी,** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) 1. श्री कमलेश प्रजापति, पिता- अन्नीलाल प्रजापति, 2.श्री अंगद प्रजापति, पिता- अन्नीलाल प्रजापति, 3. रोहनी बाई प्रजापति, क्षेत्रफल 435 व.फु., भूतल 435 व.फु. आर.सी.सी., प्रथमतल 130 व.फु. टीन शेड, **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

**संभागीय अधिकारी संभाग-1 गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1,गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2025
एम. 497/ 2024/2025 दिनांक 21.02.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती विनीता सिंह संगौर, पति- श्री अजय कुमार सिंगौर** ने खसरा क्रं. 183/3, 185/3 पिन क्र. 1000489549 का भाग **वार्ड क्र. 16, वार्ड महाराणा प्रताप,** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) श्रीमती जानकी बाई सिंगौर, पति- श्री दौलतराम सिंगौर, क्षेत्रफल 1125 व.फु., भूतल 950 व.फु. आर.सी.सी., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

**संभागीय अधिकारी संभाग-1 गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1,गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2025
एम. 496/ 2024/2025 दिनांक 21.02.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **1. श्रीमती विनीता मोदी, पति डॉ. देवल शर्मा, 2. श्री देवल शर्मा, पिता- श्री अरूण शर्मा,** ने भवन क्रं. 396 एवं 396/1 पिन क्र. 1000515204 **वार्ड क्र. 05, वार्ड सरदार वल्लभ भाई पटेल,** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) श्री भजनलाल हरीश/ लोकूमल असरानी, डॉ. तिलक सिंह चौहान /पिता-भोजराज चौहान, क्षेत्रफल 1000 व.फु., भूतल 1000 व.फु. आर.सी.सी., प्रथमतल 500 व.फु. आर.सी.सी., द्वितीयतल 500 व.फु. टीन शेड, **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

**संभागीय अधिकारी संभाग-1 गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1,गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2025
एम. 495/ 2024/2025 दिनांक 21.02.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **काबिज- श्री लीलाराम राजपूत, पिता- स्व. श्री लेख सिंह राजपूत** ने भवन क्रं. 286/6 पिन क्र. 1000515598 **वार्ड क्र. 05, वार्ड सरदार वल्लभ भाई पटेल,** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) श्री विकाश कुमार अहिरवार, पिता- श्री राम प्रसाद अहिरवार, भूतल 460 व.फु. सीमेंट शीट, **शपथपत्र, विक्रय अनुबंध पत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

**संभागीय अधिकारी संभाग-1 गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1,गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2025
एम. 494/ 2024/2025 दिनांक 21.02.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **1. श्री सतेन्द्र कुमार साहू, पिता श्री लटोरी प्रसाद साहू, 2. रोशनी साहू, पिता- श्री बाबूलाल साहू** ने भूखंड क्रं. 60 पिन क्र. 1000489764 **वार्ड क्र. 16, वार्ड महाराणा प्रताप,** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) श्रीमती सुनीता जायसवाल, पति- श्री शिशिर जायसवाल, क्षेत्रफल 625 व.फु.,भूतल 430 व.फु. आर.सी.सी., प्रथमतल 440 व.फु. आर.सी.सी., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

**संभागीय अधिकारी संभाग-1 गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

MPIDC MP INDUSTRIAL DEVELOPMENT CORPORATION LTD.
CII Confederation of Indian Industry
EY Shape the future with confidence

# अनंत संभावनाओं की भूमि मध्यप्रदेश में आपका स्वागत है

इन्वेस्ट मध्यप्रदेश — अनंत संभावनाएं —

**उद्योग एवं रोज़गार वर्ष - 2025**

औद्योगिक विकास के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की दृढ़ प्रतिबद्धता से मध्यप्रदेश में निवेश का मजबूत ईको सिस्टम विकसित हुआ है। अपनी निवेशक अनुकूल नीतियों एवं 'स्टार्ट योर बिज़नेस इन 30 डेज़', एकल खिड़की व्यवस्था, ईज़ ऑफ डूईंग बिज़नेस में अग्रणी एवं अपार संसाधनों के साथ प्रदेश निवेश के एक प्रमुख गंतव्य के रूप में उभर रहा है।

## कार्यक्रम

### 24 फरवरी 2025

| | |
|---|---|
| प्रातः 7:30 | पंजीयन |
| | **सेक्टर आधारित सत्र** |
| प्रातः 11:45–सायं 6:30 | टेक इन्वेस्ट – समिट हॉल 1 |
| प्रातः 11:45–दोपहर 2:00 | नवीनीकृत मध्यप्रदेश – समिट हॉल 2 |
| दोपहर 3:15 - सायं 7:00 | फीडर सोलराइजेशन समिट : 2000 मेगावॉट कुसुम सी की प्रीबिड – समिट हॉल 2 |
| | **पार्टनर कन्ट्री सेशन** |
| प्रातः 11:45 –दोपहर 12:45 | ग्लोबल साउथ पर सेशन – कॉन्फ्रेंस हॉल |
| दोपहर 12:45–1:45 | जर्मनी और मध्यप्रदेश के लिए निवेश रणनीतियों पर सत्र – कन्ट्री सेशन हॉल |
| दोपहर 3:30–सायं 4:30 | जापान और मध्यप्रदेश के बीच आर्थिक सहयोग पर सत्र - कन्ट्री सेशन हॉल |
| | **थीमेटिक सेशन** |
| प्रातः 11:45–दोपहर 12:45 | मॉलिक्यूल टू मशीन (फार्मा एवं मेडिकल डिवाइसेस)- सेशन हॉल 1 |
| दोपहर 1:15–2:15 | इन्वेस्टिंग इन ह्यूमन कैपिटल (स्किल डेवलपमेंट) - सेशन हॉल 1 |
| सायं 4:30–5:30 | सड़क निर्माण के बुनियादी ढांचे में गति लाना : निवेश, नवाचार और संभावनाएं - सेशन हॉल 3 |
| | **सीआईआई मीटिंग** |
| दोपहर 2:00-3:00 | महिला उद्यमियों एवं स्टार्ट-अप्स के लिए नेटवर्किंग के अवसरों पर सीआईआई आईडब्ल्यूएन सत्र - कॉन्फ्रेंस हॉल |
| दोपहर 3:00–सायं 4:00 | सीआईआई राष्ट्रीय वस्त्र एवं परिधान समिति- कॉन्फ्रेंस हॉल |
| सायं 4:00–5:00 | सीआईआई राष्ट्रीय एमएसएमई काउंसिल मीटिंग - कॉन्फ्रेंस हॉल |
| सायं 5:00-7:00 | द विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग- कॉन्फ्रेंस हॉल |
| दोपहर 3:30–सायं 4:00 | एमओयू सेशन – सेशन हॉल 3 |

### 25 फरवरी 2025

| | |
|---|---|
| | **सेक्टर आधारित सत्र** |
| प्रातः 9:30–11:15 | मध्यप्रदेश प्रवासी समिट- समिट हॉल 2 |
| प्रातः 10:30–दोपहर 12:30 | पर्यटन समिट- समिट हॉल 1 |
| प्रातः 11:30–दोपहर 1:30 | माइनिंग समिट- समिट हॉल 2 |
| दोपहर 2:00–सायं 4:00 | एमएसएमई एवं स्टार्ट-अप समिट – मुख्य हॉल |
| दोपहर 2:00–सायं 4:00 | शहरी विकास समिट- समिट हॉल 1 |
| | **प्री-बिड सेशन** |
| प्रातः 10:00–11:30 | मुरैना सोलर- बीईएसएस प्रोजेक्ट– सेशन हॉल 1 |
| प्रातः 11:30–दोपहर 12:00 | मुरैना यूपी-एमपी कॉम्प्लिमेन्टैरिटी प्रोजेक्ट- सेशन हॉल 1 |
| दोपहर 12:00–2:00 | रूफटॉप सोलर (RESCO)- सेशन हॉल 1 |
| | **पार्टनर कन्ट्री सेशन** |
| प्रातः 10:30–11:30 | कनाडा राउन्ड टेबल- कॉन्फ्रेंस हॉल |
| दोपहर 12:00–1:00 | बहुराष्ट्रीय निवेश सत्र- कन्ट्री सेशन हॉल |
| दोपहर 2:30–3:30 | पोलैंड कन्ट्री सेशन- कन्ट्री सेशन हॉल |
| | **थीमेटिक सेशन** |
| प्रातः 10:30–11:30 | नए युग का आरंभ (वस्त्र एवं परिधान)- सेशन हॉल 2 |
| प्रातः 11:00–दोपहर 12:30 | फ्यूचर फ्रंटियर्स- एमपी स्टार्टअप पिचिंग सेशन- सेशन हॉल 3 |
| दोपहर 12:00–1:00 | सीड टू शेल्फ (खाद्य प्रसंस्करण एवं बागवानी)- सेशन हॉल 2 |
| दोपहर 12:30–1:30 | थीमेटिक सेशन (को-ऑपरेटिव)- सेशन हॉल 3 |
| दोपहर 2:30–3:30 | ग्रीन हाइड्रोजन- सेशन हॉल 1 |
| दोपहर 2:00–3:00 | लॉजिस्टिक्स: दुनिया से जुड़ता मध्यप्रदेश- सेशन हॉल 2 |
| | **इन्वेस्ट मध्यप्रदेश समापन सत्र** |
| सायं 4:30–6:00 | ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट - मुख्य हॉल |

## फोकस सेक्टर

- कृषि, खाद्य और डेयरी प्रसंस्करण
- ऑटोमोबाइल एवं ऑटो कंपोनेंट्स
- टेक्सटाइल एवं गारमेंट्स
- फार्मा, मेडिकल डिवाइस और हेल्थ केयर
- आईटी/आईटीईएस/ ईएसडीएम
- नवीकरणीय ऊर्जा
- लॉजिस्टिक्स एवं भंडारण
- प्राकृतिक गैस एवं पेट्रो रसायन
- एयरोस्पेस एवं डिफेंस
- पर्यटन
- माइनिंग
- कौशल निर्माण
- शहरी विकास

अधिक जानकारी के लिये invest.mp.gov.in

## मुख्य आकर्षण

- एमपी मोबिलिटी एक्सपो
- सेंट्रल इंडिया फेब्रिक एंड फेशन एक्सपो
- ओडीओपी विलेज
- कन्ट्री सेशन
- एमपी पवेलियन
- एग्जीबिशन एवं एक्सपो
- एमपी बिजनेस एग्जीक्यूटिव मीट (बी2बी मीटिंग)
- मध्यप्रदेश सरकार एवं बिजनेस मीट (बी2जी मीटिंग)

D-11195/24

# सम्पादकीय

अभिव्यक्ति हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है।




अर्थात शिवजी के सुंदर मस्तक पर चन्द्रमा, सिर पर गंगाजी, तीन नेत्र, साँपों का जनेऊ, गले में विष और छाती पर नरमुण्डों की माला थी। इस प्रकार उनका वेष अशुभ होने पर भी वे कल्याण के धाम और कृपालु हैं। भगवान शंकर के मस्तक पर चन्द्रमा को सुशोभित कर दिया गया। किसी ने पूछा, कि हे भोलेनाथ! आपने उस चन्द्रमा को सीस पर स्थान क्यों दिया, जो कि मन की भाँति चँचल है। गौतम नारि अहल्या का जिसने शील भँग करने का कुप्रयास किया हो, क्या उसे सीस पर सजाना उचित है?



## भगदड़ प्रशासनिक/व्यवस्थागत असफलता

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ में अठारह लोगों की मौत हो गई जबकि अनेक घायल हुए हैं। प्रयागराज और मगध एक्सप्रेस के अतिरिक्त विशेष ट्रेनों से महाकुंभ जाने वालों की भीड़ स्टेशन पर बढ़ती जा रही थी। रेलवे प्रशासन अत्यधिक भीड़ बढने् की वजह से यह घटना घटी बता रहा है। चश्मदीदों और यात्रियों का कहना कि पैदल पुल पर बेतहाशा बढ़ती भीड़ के कारण भगदड़ हुई। रेलवे पर कुछ ट्रेनों के अचानक रद्द करने का आरोप है। हैरत की बात है, रेलवे स्टेशन के प्रवेश द्वार पर कोई ऐसी व्यवस्था नहीं की गई जिससे भीड़ को बाहर ही रोका जा सके। लोगों ने ज्यादा टिकट बुक कराई तब भी रेल-प्रशासन नहीं चेता। कुचल कर मरने की ऐसी घटनाएं प्रशासनिक/व्यवस्थागत असफलता हैं। इनकी लगातार पुनरावृत्ति बताती है, हम अभी भी उन्नीसवीं सदी में जी रहे हैं। दुनिया की सबसे बड़ी आबादी और पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होने का दंभ भरने वालों को इस भीषण भगदड़ में मारे जाने वालों के प्रति तनिक क्षोभ नहीं होता। महाकुंभ में डुबकी लगाने वाले श्रद्धालुओं का भारी जमावड़ा अयोध्या और वाराणसी में भी प्रसिद्ध मंदिरों में दर्शन करने के दौरान भी हो रहा है। मगर वहां की अव्यवस्था को लेकर भी खबरें न के बराबर आ रही हैं। नि:संदेह इतनी भारी भीड़ को संभालने में मुट्ठी भर पुलिसकर्मी कभी सफल नहीं हो सकते। कुंभ के दरम्यान मची भगदड़ के बाद की तरह इस बार भी विपक्ष द्वारा सरकार पर मृतकों और घायलों की संख्या छिपाने का आरोप लगाया जा रहा है। अपनी नाकामी छिपाने तथा सच्चाई पर परदा डालने की बजाय सरकार को इन मौतों से सबक लेने के प्रयास करने चाहिए।

# दिल्ली की किस्मत रेखा से एनसीआर की अपेक्षाएं

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से न केवल दिल्ली वासियों बल्कि एनसीआर के लोगों की अपेक्षाएं बढ़ चुकी हैं। क्योंकि दिल्ली-एनसीआर के इतिहास में संभवतया यह पहला मौका है जब दिल्ली और उसके पड़ोसी राज्य हरियाणा और उत्तरप्रदेश में भी भाजपा की सरकार है। चूंकि दिल्ली और एनसीआर के शहरों यथा- गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, फरीदाबाद, गुरुग्राम, रोहतक, सोनीपत आदि में चोली-दामन का सम्बन्ध बन चुका है, इसलिए दिल्ली के मुख्यमंत्री से सबकी सकारात्मक अपेक्षाएं रहती आई हैं।

लिहाजा, अब यह रेखा गुप्ता पर निर्भर करेगा कि हरियाणा-उत्तरप्रदेश की भाजपा सरकारों को साधकर वह दिल्ली-एनसीआर वासियों के दूरगामी हित कितने महत्वपूर्ण कदम उठा पाती हैं। वहीं यदि वह राजस्थान और उत्तराखंड की भाजपा सरकारों को भी साध लें तो दिल्ली-एनसीआर वासियों का ज्यादा भला कर पाएंगी। ध्रुवसत्य है कि जब लोगों की रोजमर्रा की जरूरतें किसी नेता के एजेंडे में शामिल हो जाती हैं तो दोनों का संतुलित विकास होता है।

ऐसे में यदि भाजपा और उसके तीनों-चारों मुख्यमंत्री जनहित में %ग्रेटर दिल्ली% बनाने की पहल करे तो एनसीआर वासियों के लिए इससे बड़ी खुशी की बात कुछ हो ही नहीं सकती। क्योंकि ऐसा होने से जहां गाजियाबाद-गौतमबुद्धनगर के लोगों को लखनऊ-प्रयागराज-कानपुर के चक्कर लगाने से मुक्ति मिलेगी, वहीं फरीदाबाद-गुरुग्राम-रोहतक-सोनीपत के लोगों को चंडीगढ़ जाने से मुक्ति मिलेगी।

वहीं, जो लोग अब तक यह कहते आए हैं कि दिल्ली का न अपना मौसम है, न पानी है, उनकी यह शिकायत भी दूर हो जाएगी। क्योंकि ग्रेटर दिल्ली के पास अपना मौसम और अपना पानी दोनों हो जाएगा। निर्बाध विद्युत आपूर्ति में भी कोई बाधा नहीं आएगी। सड़कें चकाचक हो जाएंगी। यही नहीं, ग्रेटर दिल्ली बनने से यहां की लोकसभा सीटें बढ़ेंगी, विधानसभा सीटें बढ़ेगी, नगर निगम का आकार बढ़ेगा और यहां विधान परिषद के गठन की भी बात बढ़ेगी। इसके अलावा, यहां न केवल अपराध पर लगाम लगाया जा सकेगा, बल्कि दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र के संतुलित विकास में भी मदद मिलेगी।

इसलिए भले ही हरियाणा सरकार, उत्तरप्रदेश सरकार या राजस्थान सरकार ग्रेटर दिल्ली बनाने के लिए अपने विकसित शहर व जनपद देने को राजी न हों, लेकिन दिल्ली-एनसीआर वासियों के भावी हितों के मद्देनजर केंद्र सरकार को इसके लिए खुले दिल से विचार करना चाहिए। यह मुद्दा कोई कपोलकल्पित बात नहीं है, बल्कि जब तब चुनावों में उठता भी आया है। इस बार दिल्ली में भाजपा सरकार बनवाने के पीछे लोगों के जेहन में भी यह बात रही है। चूंकि मोदी हैं तो मुमकिन है, इसलिए ये वाला फॉर्मूला यहां भी लागू होना चाहिए।

यदि ऐसा होता है तो दिल्ली की दो बड़ी समस्याओं- यमुना नदी प्रदूषण और वायु प्रदूषण का भी ठोस समाधान निकल पाएगा। यहां के उद्योगों के विस्तार के लिए भूमि और जनसंख्या की किल्लत भी महसूस नहीं होगी। एक सीजीएसटी और चार एसजीएसटी से भी उद्यमी बच जाएंगे। चूंकि दिल्ली को छोटा हिंदुस्तान करार दिया जाता है, इसलिए इसका दायरा भी थोड़ा बड़ा हो जाएगा। इससे विभिन्न राज्यों के सांस्कृतिक विकास में भी यहां मदद मिलेगी। यदि आप देश के विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों पर नजर डालेंगे तो अधिकांश जगहों पर भाजपा और एनडीए की सरकार मिलेगी। इसलिए उनसे तालमेल बिठाकर भी ग्रेटर दिल्ली के सपने को साकार किया जा सकता है। वहीं, दिल्ली-एनसीआर के कूड़े-कचरों का भी सही समायोजन हो पाएगा। दिल्ली के तीनों कूड़े के पहाड़ों को 100-150 किलोमीटर दूर ले जाने में भी मदद मिलेगी।वाकई, दिल्ली-एनसीआर का भौगोलिक क्षेत्र जितना बड़ा है, यदि उसे ग्रेटर दिल्ली में सम्मिलित कर लिया जाए तो इस दिल्ली प्रदेश के विकास में आशातीत उन्नति होगी। ऐसा इसलिए कि अमूमन यहां के लोग एक दिन में दो-तीन-चार-पांच प्रदेशों का दौरा कारोबारी, राजनीतिक, समाजसेवा या व्यक्तिगत कारणों से करते हैं, इससे उन्हें सभी राज्यों को अलग-अलग टैक्स/टोल टैक्स आदि भी देना पड़ता है, जिससे यहां के उत्पाद महंगे हो जाते हैं। यदि ऐसा हुआ तो यहां के लोगों को रोजगार भी ज्यादा मिलेगा। ऐसा देखा जाता है कि एनसीआर के शहरों को सलीके से लूटने के लिए इनके इनके प्रदेश मुख्यालयों में गिरोह सक्रिय रहता है। लिहाजा ग्रेटर दिल्ली बनने से इस घटिया मानसिकता से भी मुक्ति मिलेगी। चूंकि आप और कांग्रेस से चुनावी प्रतिस्पर्धा में भाजपा ने कई फ्रीबीज की घोषणाएं की हैं, इसलिए उनको भी एक एक करके पूरा करवाने की जिम्मेदारी रेखा गुप्ता के कंधों पर होगी।

दिल्ली में सड़कों का निर्माण, शिक्षा व जनस्वास्थ्य व्यवस्था का सुदृढ़ीकरण, झुग्गी-झोपड़ियों का विकास, अवैध से वैध हुई कॉलोनियों में पार्क, सामुदायिक भवन, शौचालय, पेयजल आदि जनसुविधाओं की बहाली पर भी रेखा गुप्ता सरकार को तुरंत फोकस करना होगा, क्योंकि दिल्ली के मतदाता जागरूक बहुत हैं।

## बगिया के लाल विष्णु देव का कमालः छत्तीसगढ़ में ट्रिपल इंजन की सरकार

छत्तीसगढ़ में इस समय ट्रिपल इंजन की सरकार है। यह संभव हो सका है प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की दूरदर्शी सोच और सुशासन से। भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए उन्होंने संवेदनशीलता के साथ हर वर्ग का ध्यान रखकर नीतियां बनायी। परिणाम सबके सामने है। साय सरकार के 14 महीने की अल्पावधि में ही चहुंओर सांय-सांय काम हो रहा है।

छत्तीसगढ़ की जनता का विश्वास जीतने में विष्णु देव साय कामयाब हुए। नतीजतन, हाल ही में हुए नगरीय निकाय चुनाव में प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो गया। विधानसभा, लोकसभा के बाद अब नगरीय निकायों के चुनाव में भारी सफलता ने विष्णु देव के कुशल नेतृत्व पर मुहर लगा दी है। निश्चय ही ट्रिपल इंजन की सरकार बनने से अब छत्तीसगढ़ में विकास की गति तेज होगी। दूरस्थ आदिवासी अंचल जशपुर के बगिया गांव में विष्णुदेव साय का जन्म 21 फरवरी 1964 को हुआ। तब किसी ने कल्पना नहीं की होगी कि बगिया का यह लाल, एक दिन छत्तीसगढ़ के मुखिया की महती जिम्मेदारी संभालेंगे। छत्तीसगढ़ के प्रथम निर्विवाद आदिवासी मुख्यमंत्री होने का इतिहास विष्णुदेव साय के नाम पर दर्ज है। उनके सहज, सरल व्यक्तित्व में छत्तीसगढ़िया मुख्यमंत्री होने का भाव साफ झलकता है। मृदुभाषी होने के साथ ही प्रशासनिक कसावट को लेकर उनकी छवि ने जन सामान्य का दिल जीत लिया है। वैसे तो पंच से लेकर सरपंच, विधायक, सांसद, केंद्रीय राज्यमंत्री और मुख्यमंत्री बनने तक का उनका राजनीतिक सफर उपलब्धियों भरा है। लेकिन, बीते 14 महीने में मुख्यमंत्री के रूप में उनके द्वारा बनाई गई जनहितैषी नीतियों से सभी वर्ग के लोगों को लाभ मिल रहा है। विष्णुदेव साय किसान पुत्र हैं। वे किसानों के दुख-दर्द को भलीभांति जानते और समझते हैं। अन्नदाता किसानों की चिंता करते हुए विष्णु देव साय ने सरकार बनते ही सबसे पहले किसानों का दो साल का बकाया बोनस दिया।

## सियासी पापों से जनहित की रक्षा के लिए गठित करनी होगी स्वतंत्र एजेंसी?

भारत की संसदीय राजनीति एक बार फिर सवालों के घेरे में है। यहां राजनीतिक दलों और निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को प्राप्त बेहिसाब अधिकार के दुरूपयोग की जिस तरह की दुनियावी खबरें मिल रही हैं, उससे पक्ष-विपक्ष दोनों की सियासी भूमिका संदेह के घेरे में है। सुलगता सवाल है कि जब राजनीतिक दलों और उनके द्वारा ही राष्ट्रीयता विरोधी कार्रवाई की जाएगी, राष्ट्रवाद की अवधारणा को मुंह चिढ़ाते हुए जनविरोधी फैसले लिए जाएंगे और कानून बनाए जाएंगे तो फिर इसकी निष्पक्ष जांच कौन करेगा? चूंकि भारत में जिन दलित, आदिवासी और पिछड़े मतदाताओं का बहुमत है, उनकी कानूनी शिक्षा व राजनीतिक साक्षरता उस स्तर की नहीं है, जो किसी भी लोकतंत्र की सफलता के लिए जरूरी है। इसलिए उन्हें आरक्षण, जातिवाद और साम्प्रदायिकता जैसे मुद्दों पर सियासी समूहों द्वारा बरगलाया जाता है और जनविरोधी-राष्ट्रविरोधी कुकृत्य संपादित किये जाते हैं, इसलिए प्रबुद्ध सिविल सोसाइटी का जगना बदलते वक्त की मांग है, अन्यथा देश को पुनः गुलाम होने से कोई नहीं रोक सकता। सच कहूं तो जैसे मुगल शासक बहुराष्ट्रीय कम्पनियों के दांवपेंच को नहीं समझ पाए और अंग्रेजों के हाथों अपनी सत्ता गंवा दी, कुछ उसी तरह की भूल हमारी निर्वाचित सरकारें एक-दूसरे दल को दबाने के लिए कर रही हैं। कोई दल अमेरिका के हाथ में खेल रहा है, तो कोई दल चीन के हाथ में। कोई पार्टी अरब मुल्कों के प्रभाव में है तो कोई पार्टी यूरोपीय देशों के प्रभाव में। यह अनुचित है और इससे बचने का एक मात्र रास्ता है कि हमलोग आओ कानून-कानून खेलें वाली प्रवृत्ति से बचें। बेहतर तो यही होगा कि जैसे पूरे देश में एक समान मताधिकार कानून है, उसी तरह से हरेक मुद्दे पर एक समान कानून बने। इसमें जाति, भाषा, क्षेत्र, सम्प्रदाय, लिंग अथवा वर्ग मूलक आदि के नजरिए से कोई विभिन्नता पैदा नहीं की जाए और इस मामले में ब्रितानी नीतियों का टू कॉपी समझे जाने वाले हमारे संविधान में अपेक्षित संशोधन किए जाएं। अन्यथा तर्क पर कुतर्क भारी पड़ेगा। लोकतंत्र महज भीड़तंत्र बनकर रह जाएगा। इसे सभ्य तन्त्र में तब्दील करना दिवास्वप्न बन जायेगा। अमूमन, चुनावों में धनबल के बढ़ते प्रयोग और उस धन को एकत्रित करने के लिए राजनीतिक दलों व उनके प्रतिनिधियों द्वारा विभिन्न स्तरों पर किए जाने वाले नीतिगत समझौते से ही भारत और भारतीयों दोनों का भविष्य प्रभावित होने लगे और मुट्ठी भर अभिजात्य लोगों की चांदी हो जाए तो फिर क्या किया जा सकता है। ये बातें मैं इसलिए छेड़ रहा हूँ कि इस बारे में सत्ता पक्ष और विपक्ष में, जो तू-तू, मैं-मैं होती रहती है, उससे अक्सर संशय पैदा होती है। चूंकि इस आत्मघाती सियासी प्रवृत्ति को रोकने में हमारी उच्च पदस्थ कार्यपालिका और न्यायपालिका दोनों विफल रही है, इनके विश्लेषण में मीडिया की भूमिका भी पक्षपाती और अभिजात्य वर्गीय हितों की संरक्षक प्रतीत हुई है, इसलिए इन तमाम मामलों की निष्पक्ष जांच और अपेक्षित समतामूलक कार्रवाई के लिए 卐न्यायपालिका, कार्यपालिका, मीडिया और सिविल सोसाइटी के प्रबुद्ध, उच्च योग्यताधारी, समाजसेवा में अनुभवी और वैचारिक साख रखने वाले व्यक्तियों की एक जिम्मेदार स्वतंत्र एजेंसी बनाये जाने और इनके प्राप्त निष्कर्षों पर जनमत सर्वेक्षण कराए जाने की जरूरत है,

## विजया एकादशी व्रत से विकट परिस्थितियों में मिलती है सफलता

विजया एकादशी व्रत का हिन्दू धर्म में विशेष महत्व है, यह दिन बहुत शुभ माना जाता है। यह व्रत भगवान विष्णु को समर्पित है। इस व्रत के प्रभाव से भक्तों की सभी बाधाएं दूर हो जाती है तो आइए हम आपको विजया एकादशी व्रत का महत्व एवं पूजा विधि के बारे में बताते हैं। विजया एकादशी का अर्थ ही है 'विजय'। पंडितों के अनुसार इस दिन व्रत रखने से जीवन में आने वाली सभी बाधाओं का नाश होता है और भक्त सफलता प्राप्त करता है। पौराणिक कथाओं के अनुसार, भगवान राम ने लंका पर विजय पाने के लिए इसी व्रत का पालन किया था। इसलिए इस एकादशी का महत्व और भी बढ़ जाता है। विजया एकादशी का व्रत हर साल फाल्गुन माह में कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि को रखा जाता है। यह व्रत भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी को समर्पित होता है। इस दिन भगवान विष्णु और लक्ष्मी की पूजा करने से साधक को दुखों से मुक्ति प्राप्त होती है और उसके जीवन में सुख-समृद्धि का वास होता है। साथ ही माता लक्ष्मी का आशीर्वाद भी मिलता है। हालांकि विजया एकादशी का व्रत रखने वाले श्रद्धालुओं को कुछ विशेष नियमों का पालन करना चाहिए।

## देश में सूचना क्रांति की महत्व बढ़ा

विनीत नारायण

तब वहां मौजूद एक धनाढय् उद्योगपति गणपत पटेल ने मुझे एक पुस्तक भेंट की जिसमें बताया गया था कि 1920 में अमेरिका में जिन क्षेत्रों में रोजगार काफी मात्रा में उपलब्ध था, वे क्षेत्र 1960 के दशक में गायब हो गए। पर इससे बेरोजगारी नहीं बढ़ी क्योंकि अनेक नये रोजगार क्षेत्र विकसित हो गए। उदाहरण के तौर पर 1920 के दशक में हाथ की मशीन पर टाइप करने वालों की भारी मांग थी पर कंप्यूटर आने के बाद यह मांग समाप्त हो गई। 1920 में हवाई जहाज के पायलटों की कोई मांग नहीं थी। पर बाद में हजारों पायलटों की मांग पैदा हो गई। पटेल ने मुझसे जोर देकर कहा कि तकनीकी आने से बेरोजगारी नहीं बढ़ती। ऐसा ही अनुभव आज देश में सूचना क्रांति को देख कर हो रहा है। सूचना क्रांति ने हर क्षेत्र को बहुत व्यापक रूप में प्रभावित किया है। कुछ वर्ष पहले तक व्यापारी के बही-खातों में आमदनी-खर्च का जो हिसाब रखा जाता था वो इतना माकूल होता था कि उसमें एक पैसे की भी गलती नहीं होती थी। सदियों से भारत में यही प्रथा चल रही थी पर कंप्यूटर क्रांति ने सब बदल कर रख दिया। अब व्यापार के आंकड़े केवल आमदनी खर्च तक सीमित नहीं है। अब तो व्यापारी यह जानना चाहता है कि उसका कौन सा उत्पादन किस इलाके में ज्यादा बिक रहा है। उसके ग्राहक किस वर्ग के हैं। साल के किस महीने में उसकी बिक्री बढ़ जाती है। कौन सी राजनैतिक या सामाजिक घटनाओं के बाद किस वस्तु की मांग अचानक बढ़ जाती है। जैसे-जैसे यह जानकारी उत्पादक या वितरक कंपनी के पास आती-जाती है, वैसे-वैसे उसका नजरिया और नीति बदलने लगती है। जबकि बही-खाते में केवल आमदनी-खर्च या लाभ-घाटे का हिसाब रखा जाता था। सांप्रदायिक दंगों का अंदेशा हो तो अचानक शहर में डबल रोटी, दूध, चाय, कॉफी के पैकेट, दाल-चावल, चीनी, मोमबत्ती, टॉर्च, शस्त्रों की मांग बढ़ जाती है। जाहिर है कि इन वस्तुओं के निर्माताओं को देश की नाड़ी पर इस नजरिए से निगाह रखनी पड़ती है। जिस इलाके में सांप्रदायिक तनाव बढ़े वहां इन वस्तुओं की आपूर्ति तेजी से बढ़ा दी जाए। इसी तरह बरसात से पहले छाते और बरसाती की मांग, गर्मी से पहले कूलर और एसी की मांग, जाड़े से पहले हीटर और गीजर की मांग बढ़ जाना सामान्य सी बात है। पर एसी बीस हजार रु पये वाला बिकेगा या पचास हजार रु पये वाला, यह जानने के लिए उसे ग्राहकों का मनोविज्ञान और उनकी हैसियत जानना जरूरी है। अगर निम्न वर्गीय रिहायशी क्षेत्र में लिप्टन की ग्रीन लेबल चाय के डिब्बे दुकानों पर सजा दिए जाएं तो शायद एक डिब्बा भी न बिके पर रेड लेबल चाय धड़ल्ले से बिकती है।

## सोमवार व्रत शुरू करने से पहले जान लें ये नियम, ऐसे करें भगवान शिव की पूजा

हिंदू धर्म में सप्ताह का हर दिन किसी न किसी देवी देवता को समर्पित होता है। सोमवार का दिन देवों के देव महादेव को समर्पित है। इस दिन भगवान शिव की पूजा का विधान है। धार्मिक मान्यता है कि सोमवार के दिन व्रत करने से जातक की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। वहीं जिन लोगों के विवाह में देरी होती है, उनको यह व्रत करने से मनचाहे वर की प्राप्ति होती है। इसलिए, कहा जाता है कि सोमवार का व्रत विधिपूर्वक और श्रद्धापूर्वक करना चाहिए। साथ ही व्रत के सभी नियमों का पालन भी करना चाहिए। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको सोमवार व्रत के नियम और पूजन विधि के बारे में बताने जा रहे हैं।

सोमवार के दिन सुबह जल्दी उठें और स्नान के पानी गंगाजल जरूर मिलाएं। फिर साफ वस्त्र धारण करें और इस दिन काले कपड़े भूलकर भी न पहनें। फिर भगवान शिव के सामने व्रत का संकल्प लें और एक वेदी पर भगवान भोलेनाथ की प्रतिमा स्थापित करें और फिर पंचामृत से स्नान कराएं। इसके बाद भगवान शिव को चंदन का तिलक लगाएं और भांग, धतूरा, सफेद फूल व बेलपत्र आदि अर्पित करें। अब शिव जी को खीर का भोग लगाएं।

## सोता रहा रेलवे, रोती रही आस्था

नितिनमोहन शर्मा

नईदिल्ल स्टेशन पर बढ़ती बेतहाशा भीड़ का सीसीटीवी पर रेलवे के मौके पर मौजूद अफसरों को नजऱ नही आ रही थी? दिल्ली हादसे पर इंदौर के अखबार खुलासा फर्स्ट द्वारा उठाया ये सवाल हादसे की जांच का मुख्य बिंदु बन गया हैं। ऐसे ही आज भी एक सवाल सबसे मोजू है कि 13 जनवरी यानी कुंभ के आगाज़ के साथ ही रेल के सफऱ के बुरे हाल मोदी सरकार के रेल मंत्रालय को नजऱ नही आ रहें थे? रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव स्टेशनों व प्लेटफॉर्म पर पसरी अराजकता से अंजान थे? डिब्बों में तोडफ़ोड़ करने के समाचार व दृश्य से मंत्री महोदय बेख़बर क्यो बने रहें? महिनों पहले महंगे टिकट रिजर्वेशन कर कुंभ नगरी जाने वाले लाखों लोगों के बुरे हाल पर भी भारत सरकार का रेल मंत्रालय क्यो चेन की नींद सोता रहा? अब अगर विपक्ष रेल मंत्री का इस्तीफा मांग रहा है तो वह राजनीति का विषय कैसे हो गया? ये तो शुद्ध आस्था का विषय है कि रेलवे मंत्रालय, रेल मंत्री सोते रहे और आस्था रोती रही। दबती रही, कुचलती रही, दम तोड़ती रही। % आस्थावान सरकार%, आस्था के प्रति इस बेफ़िक्री पर मंत्री को दंड देगी? या मंत्री महोदय के मानस में व्याप्त नैतिकता उन्हें झकझोरेगी? जिन्होंने रेल मंत्रालय की परिधि में अपनों को खोया, वे ही नही...देश की इस पर नजरें हैं।

महाकुंभ तक आने जाने के लिए रेल से सफऱ के जो नज़ारे देश-दुनिया देख रही थी, वो क्या रेल मंत्रालय को नजऱ नही आ रही थी? कांच फोड़ते, खिड़की तोड़ते, इंजिन में घुसते, डिब्बों में दबते, स्टेशनों पर कुचलते लोग क्या रेलवे के अफ़सरों को नही दिख रहें थे? जब से कुंभ का शुभारंभ हुआ, रेल के सफऱ के बुरे हाल दृश्य श्रव्य माध्यमों पर सरेआम दिखाए जा रहें थे, बावजूद इसके रेलवे के जिम्मेदार सोते रहे और निर्दोष आस्था रोने बिलखने को मजबूर होती रहीं। आखिऱ रेलवे मंत्रालय की जवाबदेही क्यो तय नही होती? जिम्मेदार अफ़सर अब तक दंड के दायरे से क्यो बाहर हैं? जो व्यवस्था दिल्ली में हादसे के दूसरे दिन यानी रविवार को हुई, वह शनिवार को क्यो नही हो पाई? इसका जवाब हैं क्या किसी के पास?

क्या केवल स्पेशल ट्रेन चला भर देने से रेलवे की इतने बड़े आस्था के उत्सव के लिए काफ़ी था? रेल वाले स्पेशल ट्रेनों के आंकड़े गिना रहें हैं लेकिन् इन स्पेशल ट्रेनों में सफऱ कैसे हो रहा हैं, इस पर किसी का ध्यान क्यो नही गया? 13 जनवरी से रेल के सफर के बुरे हाल सब तरफ़ चर्चा में थे। बावजूद इसके रेल मंत्रालय क्या करता रहा? ये सवाल विपक्ष का ही नही, जन जन का हैं। जवाब देना ही पड़ेगा। अन्यथा ये माना जायेगा कि रेल मंत्रालय ने ही आस्था से अभिभूत जनसामान्य को मरने के लिए छोड़ा था।

रिज़र्वेशन क्लास के डिब्बो में जिस तरह से अराजकता पसर रही थी, वह वक्त रहते क्यो नही थामी गई? लोगों में एसी कोच तक को नही बख़्शा। उसके हाल भी जनरल डिब्बे से बदतर कर दिये। दरवाज़ों को ल मार कर तोड़ा जा रहा था। एसी कोच के कांच फोड़े जा रहें थे। एक डिब्बे में एक हज़ार यात्रियों के घुसने, दबने के नज़ारे क्या सिर्फ़ देश ही देख रहा था? मोदी सरकार का रेल मंत्रालय इस सबसे बेख़बर था? अगर नही था तो फिऱ ये सीधे जिम्मेदारी रेल मंत्री महोदय की नही बनती क्या?

प्रयागराज आने जाने वाले तमाम रेलवे स्टेशनों पर एक जैसे हालत थे। फिऱ चाहे वह सतना हो या पटना या फिऱ दिल्ली हो या भोपाल। हज़ारों की भीड़ हर स्टेशनों पर पहुँच रही थी लेकिन् वह भगवान भरोसे क्यो छोड़ दी गई? आम आदमी का प्रयागराज सफऱ तो रेलवे के जरिये ही पूरा होना था। उसके पास कहा कार व अन्य चार पहिया वाहन हैं। वह तो बाल बच्चो सँग रेलवे स्टेशन की तरफ ही बढ़ेगी। आखिऱ रेल ही तो आस्था के इस रेले का कुंभ नगरी जाने का एकमात्र जरिया थी। बावजूद इसके भारत सरकार का रेल मंत्रालय क्या करता रहा? सिर्फ़ स्पेशल ट्रेन चला देने या रेल के फेरे बढ़ा देने तक ही उसकी जवाबदारी थी?

हादसे के बाद के बंदोबस्त पहले से लागू क्यों नही हुए?

रेल मंत्रालय की स्टेशन के अंदर, बाहर व डिब्बों के अंदर बाहर के हालात पर कोई तेयारी क्यो नही थी? कुंभ नगरी तक न पहुँचने का स्टेशनों पर पसरते गुस्से पर भी वह आंखें मूंदे क्यो बैठा रहा? सिर्फ़ जीआरपी के ज़रिए हज़ारों लाखों लोगों को संभालने तक ही रेलवे क्यो सीमित रहा? स्थानीय पुलिस महक़मा रेलवे का सहयोगी क्यो नही बनाया गया? जैसा दिल्ली में शनिवार को हुए मौत के तांडव के बाद रविवार को स्थानीय पुलिस की मदद ली गई, वैसा कुंभ की शुरुआत से ही क्यो नही किया गया?


प्रयाग जंक्शन जैसी व्यवस्था रेलवे ने हर स्टेशन पर क्यो नही की?

प्रयागराज में योगी सरकार ने पहले ही दिन से स्थानीय पुलिस को भी रेलवे स्टेशनों की जवाबदारी दी। स्टेशन के अंदर बेतहाशा भीड़ नही बढने् देने व प्लेटफॉर्म पर कतारबद्ध लोगो को जाने देने का काम योगी सरकार ने किया। नतीजे् में जहाँ करोडों पहुँचे, वहां एक भी हादसा रेलवे स्टेशन पर नही हुआ। जबकि जो दिल्ली में हुआ, वह हूबहू 2013 कुंभ में इलाहाबाद रेलवे स्टेशन पर हुआ था। प्रयाग जंक्शन की व्यवस्था रेलवे मंत्रालय ने हर स्टेशन पर क्यो नही की? क्यो नही उसने हर उस स्टेशनों पर पुलिस मदद की जरूरत महसूस नही हुई, जहाँ बोगियों में घुसने की मारामारी चंल रही थी?

स्थानीय पुलिस, अफ़सरों को रेलवे के न्यौते का इंतज़ार या घटना का?

दिल्ली हादसे के बाद भी हालातों से रेलवे कुछ नही सीखा। सीखता होता तो रविवार को इंदौर, भोपाल, रीवा, सतना, इटारसी में वैसे ही हालात क्यो बनते? अब भी रीवा, जबलपुर, सतना रुट पर स्टेशन व प्लेटफॉर्म पर हालात जस के तस बने हुए हैं। वही मुठीभर जीआरपी का अमला और हज़ारों हज़ार मुसाफिर। शायद रेलवे को इन स्टेशनों पर भी किसी हादसे का इंतज़ार हैं। इंतज़ार में तो स्थानीय पुलिस भी वैसे ही है, जैसे दिल्ली की थी। जिस तरह दिल्ली पुलिस कमिश्नर घटना के बाद स्टेशन पर बंदोबस्त के लिए पहुचे, वैसे ही स्थानीय अफ़सर शायद किसी घटना का इंतज़ार कर रहें हैं या रेलवे के न्यौते-मनुहार का? है न?

## -:: आज का राशिफल ::-



मेष राशि : आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज आपका पूरा ध्यान अपने कार्य में सुधार करने में रहेगा। आज बच्चे अपने माता पिता का ज्यादा ध्यान रखेंगें और बात भी मानेंगे।

वृष राशि : आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज इस बात का खास ख्याल रखें कि दूसरों से तभी दोस्ती करें और अपनी बातें शेयर करें जब उसके बारे में पूरी जानकारी कर लें और उसे भली-भांति समझ लें।

मिथुन राशि : आज का दिन खुशियां लेकर आया है। अपनी सकारात्मक सोच को सार्थक कामों में लगायेंगे तो आपकी रचनात्मक प्रतिभा सबके सामने खुलकर आएगी, लोगों के बीच आपका सम्मान बढ़ जायेगा।

कर्क राशि : आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज कार्यक्षेत्र में आपके सहकर्मी और सीनियर आपकी परफॉरमेंस से खुश रहेंगे और आपकी तारीफ करेंगें। आज काम के हिसाब से फल मिलेंगे।

सिंह राशि : आज का दिन आपके जीवन में खुशियाँ लेकर आया है। आज बच्चों को करियर के मामले में बड़ी खुशखबरी मिलेगी। अपने से बड़ों की बातें गौर से सुनें, भविष्य में आपके लिये फायदेमंद रहेगी।

कन्या राशि: आज का दिन फायदेमंद साबित होने वाला है। आज आपको पहले किये गये छोटे-मोटे कार्यों से भी पॉजीटिव रिजल्ट मिलेगा। सफलतायें छोटी ही सही लेकिन निरंतर बनी रहेंगी इससे आपका सकारात्मक विचार बनेगा।

तुला राशि : आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज ऑफिस में सहयोगी आपके विचारों से प्रभावित होंगे, लेकिन दूसरों के कामों में दखल देने से आपको बचना चाहिए। आज अपने काम को आसान तरीके से करने का रास्ता निकाल लेंगे।

वृश्चिक राशि : आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपका रुका काम पूरा होने से मानसिक शांति मिलेगी। आप काम करने के नए तरीकों पर विचार करेंगे। आज आपको रोजगार के नए अवसर मिलेंगे।

धनु राशि : आज का दिन बढ़िया रहने वाला है। करियर को बढ़ाने मे किये गये प्रयासों के चलते लाभ होगा। आज अपने प्रिय व्यक्ति की निकटता से आपको खुशी होगी।

मकर राशि : आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज आपकी आर्थिक स्थित मजबूत बनी रहेगी, आप सामान की खरीददारी करने मार्केट जा सकते हैं।

कुंभ राशि : आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा रहने वाला है। आज रूका हुआ धन वापस मिलेगा, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति और मजबूत होगी।

मीन राशि : आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। अचानक हुये धन लाभ से आज अपनी जरुरत का सामान खरीदेंगे।



समाजवादी पार्टी के सुप्रीमो अखिलेश यादव ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के %21 मिलियन डॉलर% के दावे के बाद भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की तीखी आलोचना की। उन्होंने मोदी सरकार के भारत को 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के वादे पर सवाल उठाया। मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने पूछा कि क्या उनकी %डबल इंजन% सरकार का एक इंजन विदेशी है।



# वैश्विक महाशक्ति के रूप में उभर रहा है भारत : मोदी

नई दिल्ली (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में सोल लीडरशिप सम्मेलन के पहले संस्करण का उद्घाटन किया. इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हर क्षेत्र में अच्छे नेताओं को विकसित करने की बहुत जरूरत है. उन्होंने कहा कि भारत वैश्विक महाशक्ति के रूप में उभर रहा है, हमें हर क्षेत्र में इस गति को बढ़ाने के लिए विश्व स्तर के नेताओं की आवश्यकता है. इस अवसर पर वे उपस्थित लोगों को संबोधित भी करेंगे.

इससे पहले पीएमओ की ओर से जारी जानकारी में बताया गया था कि भूटान के प्रधानमंत्री दाशो शेरिंग तोबगे मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य भाषण देंगे. 21 से 22 फरवरी तक चलने वाला दो दिवसीय सोल लीडरशिप सम्?मेलन एक प्रमुख मंच के रूप में काम करेगा, जहां राजनीति, खेल, कला और मीडिया, आध्यात्मिक दुनिया, सार्वजनिक नीति, व्यवसाय और सामाजिक क्षेत्र जैसे विविध क्षेत्रों के नेता अपनी प्रेरक जीवन यात्राएं साझा करेंगे और नेतृत्व से संबंधित पहलुओं पर चर्चा करेंगे. सम्?मेलन सहयोग और विचार नेतृत्व के एक इकोसिस्?टम को बढ़ावा देगा, जिससे युवा दर्शकों को प्रेरित करने के लिए विफलताओं और सफलताओं दोनों से सीखने की सुविधा मिलेगी.

स्कूल ऑफ अल्टीमेट लीडरशिप गुजरात में एक आगामी नेतृत्व संस्थान है जो जनता के सेवकों को जनहित में आगे बढ़ाने में सक्षम बनाएगा. इसका उद्देश्य औपचारिक प्रशिक्षण के माध्यम से भारत में राजनीतिक नेतृत्व के परिदृश्य को व्यापक बनाना और उन लोगों को शामिल करना है जो केवल वंशानुगत राजनीति से नहीं बल्कि सार्वजनिक सेवा के लिए योग्यता, प्रतिबद्धता और जुनून के माध्यम से आगे बढ़ते हैं. सोल आज की दुनिया में नेतृत्व की जटिल चुनौतियों का मार्गनिर्देशन करने के लिए आवश्यक जानकारी, कौशल और विशेषज्ञता लाता है.

**भारत की बांग्लादेश को दो टूक, आतंकवाद को सामान्य न बनाएं**

नई दिल्ली (आरएनएस)। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बांग्लादेश के विदेश मामलों के सलाहकार तौहीद हुसैन से दो टूक शब्दों में कहा था कि ढाका आतंकवाद को सामान्य न बनने दे। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को यह खुलासा किया। दोनों नेताओं की मुलाकात इस सप्ताह की शुरुआत में मस्कट में हुई थी। बैठक के बाद जयशंकर कहा था कि बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के विदेश मामलों के सलाहकार के साथ बातचीत द्विपक्षीय संबंधों और बिम्सटेक पर केंद्रित थी। वहीं बांग्लादेशी पक्ष ने कहा हुसैन ने सार्क स्थायी समिति की बैठक आयोजित करने के महत्व पर प्रकाश डाला और भारत सरकार से इस मामले पर विचार करने का आग्रह किया।

बता दें विदेश मंत्री ने 16 फरवरी को मस्कट में हिंद महासागर सम्मेलन के दौरान बांग्लादेश सहित पड़ोसी देशों के अपने समकक्षों के साथ कई बैठकें की थीं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, इस बारे में कि क्या सार्क पर चर्चा हुई या नहींज्हां, यह मामला बांग्लादेश की ओर से उठाया गया था, जब विदेश मंत्री ने मस्कट में ढाका के विदेश सलाहकार से मुलाकात की थी। यह स्वीकार किया गया कि दक्षिण एशिया में हर कोई जानता है कि कौन सा देश और कौन सी गतिविधियां सार्क को बाधित करने के लिए जिम्मेदार हैं। विदेश मंत्री ने कहा कि बांग्लादेश के लिए यह महत्वपूर्ण है कि वह आतंकवाद को सामान्य न बनाए।

मस्कट बैठक को लेकर बांग्लादेशी मीडिया के दावा किया कि चर्चा के दौरान प्रोफेसर यूनुस और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की संभावित मुलाकात पर भी बात हुई। बांग्लादेशी मीडिया के मुतबिक बातचीत के दौरान अप्रैल में बैंकॉक में आयोजित होने वाले बिम्सटेक शिखर सम्मेलन के दौरान मुख्य सलाहकार प्रोफेसर मुहम्मद यूनुस और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच एक बैठक आयोजित करने का विषय भी उठा। बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग के लिए बंगाल की खाड़ी पहल' (बिम्सटेक) का छठा शिखर सम्मेलन इस साल के अंत में 2-4 अप्रैल को थाईलैंड के बैंकॉक में आयोजित होने वाला है। बता दें बांग्लादेश शिखर सम्मेलन में बिम्सटेक के अगले अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभालेगा।



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की.



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली के भारत मंडपम में सोल लीडरशिप कॉन्क्लेव-2025 के पहले संस्करण का उद्घाटन किया.

# एक्शन मोड में दिल्ली सरकार, 'शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर' में अपग्रेड होंगे मोहल्ला क्लीनिक

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली की सत्ता संभालने के बाद रेखा सरकार अब एक्शन मोड में काम कर रही है। इस बीच दिल्ली सरकार ने 553 मौजूदा मोहल्ला क्लीनिकों को 'शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर' (यू-एएएम) में अपग्रेड करने का फैसला किया है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार (जीएनसीटीडी) में आयुष्मान भारत स्वास्थ्य योजनाओं के कार्यान्वयन पर चर्चा करने के लिए 17 फरवरी 2025 को दिल्ली सचिवालय में सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, जीएनसीटीडी/अध्यक्ष, राज्य स्वास्थ्य सोसायटी (दिल्ली) की अध्यक्षता में 11 जिलों के सभी जिला मजिस्ट्रेट के साथ बैठक आयोजित की गई थी।

बैठक की शुरुआत में मिशन निदेशक ने बताया कि जीएनसीटीडी में निम्नलिखित आयुष्मान भारत योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर लागू करने और आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने की आवश्यकता है। इस बैठक में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएम-जेएवाई) के कार्यान्वयन, स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्र (एचडब्ल्यूसी)/आयुष्मान आरोग्य मंदिर (एएएम), दिल्ली के लोगों के लिए आयुष्मान भारत इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन योजना (पीएम-बीएचआईएम), आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) और प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना (पीएमबीजेपी) को लागू करने पर जोर दिया गया था।

प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएम-जेएवाई) में इस बात पर चर्चा की गई थी कि प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएम-जेएवाई)/वाय वंदना कार्ड के लिए लाखों लाभार्थियों को मंत्रियों की कैबिनेट (पहली कैबिनेट मीटिंग में) द्वारा योजना के अनुमोदन पर हस्ताक्षर करने के 30 दिनों के भीतर नामांकित किया जाना चाहिए। लाभार्थी एनएफएसए डेटा, एसईसीसी 2011 डेटा या कैबिनेट द्वारा तय किए गए अनुसार परिवार ही परिवार शामिल होंगे और वरिष्ठ नागरिक (70 वर्ष से ऊपर), डीएम को यह सुनिश्चित करने और निगरानी करने की आवश्यकता है कि लक्ष्य 30 दिनों (योजना के अनुमोदन की तारीख से) की समयसीमा के अनुसार प्राप्त किया जाए।

इसके अलावा आयुष्मान आरोग्य मंदिर (एएएम) में यह बताया गया कि मौजूदा दिल्ली सरकार के औषधालयों (डीजीडी) और एमसीडी औषधालयों को एएएम-पीएचसी के रूप में अपग्रेड करने की आवश्यकता है। साथ ही 11 पीएचसी को अपग्रेड करने का काम 30 दिनों के भीतर पूरा करना होगा। डीएम और सीडीएमओ को योजना की मंजूरी पर हस्ताक्षर करने के 30 दिनों के भीतर एएएम-पीएचसी के रूप में अपग्रेड की जाने वाली सुविधाओं की पहचान करनी होगी। आयुष्मान भारत इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन योजना (पीएम-भीम) में यह बताया गया कि पीएम-भीम के तहत प्राप्त अनुमोदन के अनुसार, दिल्ली की पूरी आबादी की प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल जरूरतों को पूरा करने के लिए सेवाओं की विस्तारित रेंज प्रदान करने के लिए 1,139 शहरी एएएम की परिकल्पना की गई है, जिसे जल्द से जल्द सुनिश्चित किया जा सकता है। 553 मौजूदा मोहल्ला क्लीनिकों को शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर (यू-एएएम) में अपग्रेड किया जाएगा।

# रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक्स को स्टेशन पर हुई भगदड़ की वीडियो हटाने को कहा

नईदिल्ली (आरएनएस)। रेल मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन (एनडीएलएस) पर मची भगदड़ का वीडियो हटाने को कहा है।

रिपोर्ट के मुताबिक, मंत्रालय ने नैतिक मानदंडों और मंच की सामग्री नीति का हवाला देते हुए 17 फरवरी को नोटिस जारी किया है और 36 घंटे के भीतर कार्रवाई करने का अनुरोध किया है।

मंत्रालय के नोटिस में एक्स को भगदड़ के वीडियो वाले 285 सोशल मीडिया लिंक हटाने को कहा गया है।

रिपोर्ट के मुताबिक, मंत्रालय के अपने नोटिस में मृत व्यक्तियों को चित्रित करने वाले संवेदनशील या परेशान करने वाले मीडिया पर चिंता जताई।

उसने कहा यह न केवल नैतिक मानदंडों के खिलाफ है, बल्कि एक्स.कॉम की सामग्री नीति का भी उल्लंघन करता है, क्योंकि ऐसी वीडियो से अनावश्यक कानून व्यवस्था की समस्या पैदा हो सकती है।

उसने कहा, सोशल मीडिया की सामग्री भारतीय रेलवे परिचालन को बाधित कर सकती है, खासकर तब, जब वर्तमान में ट्रेनों में भारी भीड़ है।

एनडीएलएस में भगदड़ के बाद दिल्ली रेल डिवीजन ने 19 फरवरी को एक नया प्रोटोकॉल लागू किया है।



लखनऊ में प्रस्तावित अधिवक्ता संशोधन विधेयक 2025 के विरोध में वकीलों ने कलेक्ट्रेट से गांधी प्रतिमा तक मार्च निकाला.

# दोषी सज्जन कुमार की सजा पर अब 25 को फैसला, की गई फांसी की मांग

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने 1984 सिख दंगों के मामले में दोषी पूर्व कांग्रेस नेता सज्जन कुमार की सजा पर फैसला सुरक्षित रख लिया गया है. पीड़ित पक्ष की तरफ से सज्जन कुमार के लिए फांसी की सजा की मांग की गई है. स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद 25 फरवरी को फैसला सुनाने का आदेश दिया. सज्जन कुमार को 1984 सिख विरोधी दंगों के समय सरस्वती विहार इलाके में जसवंत सिंह और तरुणदीप सिंह की हत्या के मामले में दोषी पाया गया है. राऊज एवेन्यू कोर्ट की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने सज्जन कुमार की सजा पर दलीलें सुनने के लिए मामले को 21 फरवरी को सूचीबद्ध किया था. शुक्रवार को पीड़ित पक्ष की तरफ वकील ने सज्जन कुमार की सजा पर बहस पर लिखित दलील कोर्ट में जमा की. कोर्ट ने सज्जन कुमार के वकील से कहा कि वो भी मामले में लिखित दलील जमा कर दें. अधिवक्ता गुरबख्श सिंह ने कहा कि सज्जन कुमार को 12 फरवरी को ही दोषी ठहराया जा चुका है. सरकारी वकील ने कहा कि यह ऐसा मामला है जिसमें उन्हें मृत्युदंड मिलना चाहिए.

# राजधानी के पूर्व मुख्यमंत्री और मंत्रियों के निजी स्टाफ की सेवाएं की खत्म

नईदिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली की नई मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पद संभालते ही एक्शन मोड में आ गई हैं. उन्होंने शुक्रवार को एक बड़ा फैसला लिया. सीएम रेखा गुप्ता ने राजधानी की पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी और मंत्रियों के निजी स्टाफ की सेवाओं को समाप्त कर दिया. यही नहीं नई सरकार ने पूर्व सरकारों द्वारा जिन अधिकारियों और कर्मचारियों को दूसरे विभागों में नियुक्ति किया था, उनको भी तत्काल अपने मूल विभागों में रिपोर्ट करने का आदेश दिया है.

सरकारी आदेश में कहा गया है कि, सीएम और मंत्रियों के कार्यालयों में डायवर्टेड क्षमता में तैनात विभिन्न विभागों, संगठनों, निगमों, बोर्डों, अस्पतालों आदि के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से कर्तव्यों से मुक्त माना जाएगा और वे तत्काल प्रभाव से अपने संबंधित विभागों, बोर्डों, स्वायत्त निकायों, निगमों, अस्पतालों आदि को रिपोर्ट करेंगे. आदेश में आगे कहा गया है कि, सीएम और मंत्रियों के कार्यालय जीएडी को नए प्रस्ताव सौंपेंगे. हालांकि, दानिक्स, डीएसएस और स्टेनो कैडर के नियमित कर्मचारी अपना काम करना जारी रखेंगे. नव-शपथ ग्रहण करने वाले मुख्यमंत्री, मंत्री अगले आदेश तक अपने-अपने कार्यालयों में रहेंगे.

बताया जा रहा है कि पुरानी सरकारों ने कई अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रतिनियुक्ति पर दूसरे बोर्ड कारपोरेशन में भेज दिया था. इससे पहले पूर्व सरकार की ओर से सभी विभागों से कॉन्ट्रैक्ट और व्यक्तिगत स्टाफ की जानकारी मांगी गई थी. अब उनको मूल विभाग में लौटने को कहा गया है. बता दें कि सीएम रेखा गुप्ता शुक्रवार दोपहर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उपराष्ट्रपति जेपी धनखड़ से मुलाकात करेंगी.




नई दिल्ली स्थित पार्टी कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान आप नेता आतिशी.

## महाकुंभ में करवाया जा रहा डिजिटल स्नान, फोटो को नहला कर 1100 रुपए में लगवाते है डुबकी

नई दिल्ली (आरएनएस)। प्रयागराज में चल रहे माहकुंभ में देश विदेश से श्रद्धालु स्नान करने के लिए आ रहे हैं। करोड़ों लोग संगम में डुबकी लगा चुके हैं और जो घर बैठे लोग डुबकी नहीं लगा पा रहे वो पुण्य कामना कर रहे हैं। वहीं, भारी भीड़ के कारण संगम घाट तक पहुंचना चुनौतीपूर्ण हो गया है। जिससे कई लोग स्नान करने के लिए कतराने लगे हैं। लेकिन सोशल मीडिया पर महाकुंभ से जुड़ी कई वीडियो सामने आ रहे हैं जो मुश्किलों का हल बता रहे हैं। बता दें कि डिजिटल स्नान का वीडियो सोशल मीडिया खूब वायरल हो रहा है। जिसमें एक शख्स महज 1100 रुपए में लोगों को महाकुंभ का संगम स्नान कराने की सुविधा दे रहा है। जो तरीका काफी अनोखा है। इंस्टाग्राम पर शेयर किए गए इस वीडियो में गर्विता शर्मा नाम की यूजर ने इस स्टार्टअप के बारे में बताया है। वीडियो में गर्विता कहती हैं कि कई लोग भीड़ के डर से संगम स्नान नहीं कर पा रहे हैं, खासकर बुजुर्ग और कमजोर लोग। इसी समस्या को हल करने के लिए एक व्यक्ति ने अनूठा समाधान खोज निकाला है,



कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने रायबरेली के चुरुवा हनुमान मंदिर में पवनपुत्र श्री हनुमान की पूजा अर्चना की.

# मणिपुर में उग्रवादियों को राज्यपाल का अल्टीमेटम, कहा- 'आपके पास बस 7 दिन', और फिर

नई दिल्ली (आरएनएस)। मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगने के बाद गवर्नर अजय कुमार भल्ला की तरफ से एक बयान जारी किया गया है। इसमें मणिपुर की सभी कम्युनिटी से लूटे हुए और गैरकानूनी तरीके से रखे गए हथियारों और गोला-बारूद को एक सप्ताह के भीतर सरेंडर करने को कहा गया है। गर्वनर ने कहा है कि डेडलाइन के अंदर हथियार लौटाने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की जाएगी। साथ में ये भी कहा गया है कि अगर कोई 7 दिन की डेडलाइन के बाद भी लूटे या गैरकानूनी हथियार रखता है, तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

बता दें कि मणिपुर में पिछले 2 साल से मैतेई और कुकी समुदाय के बीच जातीय संघर्ष चल रहा है। मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह और उनके कैबिनेट मंत्रियों ने 9 फरवरी को अपने पद से इस्तीफा दे दिया था, जिसके बाद से ही मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगा हुआ है। शांति और सांप्रदायिक सद्भाव को प्रभावित करने वाली दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं की एक श्रृंखला के कारण घाटी और पहाड़ी दोनों क्षेत्रों में मणिपुर के लोगों को पिछले 20 महीनों से भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा है। सामान्य स्थिति बहाल करने के व्यापक हित में राज्य के सभी समुदायों को शत्रुता की समाप्ति और समाज में शांति और व्यवस्था बनाए रखने को सुनिश्चित करने के लिए आगे आना चाहिए, ताकि लोग अपनी सामान्य दैनिक गतिविधियों में लौट सकें। मणिपुर में नेतृत्व संकट के बीच कांग्रेस सहित तमाम विपक्षी दलों ने राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की थी। संविधान के अनुसार, विधानसभा के दो सत्रों के बीच छह महीने से ज्यादा अवधि नहीं होनी चाहिए। 12वीं मणिपुर विधानसभा का पिछला सत्र 12 अगस्त 2024 को संपन्न हुआ था, जबकि 10 फरवरी से शुरू होने वाले सातवें सत्र को राज्यपाल स्थगित कर चुके हैं। इंफाल पश्चिम जिले में कुछ दिनों पहले अलग-अलग अभियानों में कथित तौर पर जबरन वसूली में शामिल तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया है। दूसरी ओर, कांगपोकपी जिले में सुरक्षा बलों ने छह एकड़ में लगी अवैध अफीम की खेती नष्ट कर दी है। बता दें कि राष्ट्रपति शासन लगाए जाने के बाद प्रतिबंधित आतंकी संगठनों की ओर से किसी दुस्साहसिक वारदात को टालने के लिए सुरक्षा एजेंसियों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। पूर्व मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा था




जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना हनुमानताल में शंकर चौधरी उम्र 22 वर्ष निवासी बाबाटोला ने सूचना दी कि शादी पार्टी में लेबर का काम करता है वह अपने काम पर गया था उसके घर वाले रात में सो रहे थे उसका भाई मयूर चौधरी उम्र 25 वर्ष अलग कमरे मे सो रहा था सुबह लगभग 8 बजे उठकर अपने भाई को भाई के कमरे में चाय देने के लिये गया दरवाजा खुला था अंदर जाकर देखा उसका भाई मयूर चौधरी फांसी पर लटका था उसके भाई की सुतली रस्सी से फांसी लगा लेने से मृत्यु हो गयी है। सूचना पर मर्ग कायम कर जांच में लिया गया।

# जबलपुर में फर्जी आईडी से बनवा लिया जाति प्रमाण पत्र, कर रहे थे शासकीय नौकरी

## लोकसेवा केन्द्र के दो कर्मचारियों सहित 5 पर एफआईआर



**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** जबलपुर में फर्जी दस्तावेज पर शासकीय विभागों में नौकरी कर रहे तीन युवकों सहित पांच लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है. लम्बे समय से फर्जी जाति प्रमाण-पत्र पर नौकरी कर रहे लोगों के मामले में एसडीएम ने जांच की तो यह तथ्य सामने आए है.

बताया गया है कि लोकसेवा केन्द्र के दो कर्मचारियों द्वारा फर्जी प्रमाण-पत्र बनाए गए थे, इनके खिलाफ भी शिकायत की गई थी, जिसकी जांच के बाद खुलासा हुआ है, एसडीएम की शिकायत पर रांझी पुलिस ने इन सभी पांच क ी तलाश शुरु कर दी है. ये तीनों कर्मचारी जबलपुर, भिंड व भोपाल में अलग अलग विभागों में पदस्थ रहे. एसडीएम रघुवीर सिंह ने तीनों के फर्जी प्रमाण पत्र निरस्त कर दिए है. तीनों जाति प्रमाण पत्र गलत दस्तावेज, गलत अंकसूची एवं निवास के पते की गलत जानकारी के आधार पर सुनियोजित षड्यंत्र के तहत बनाए गए थे. आवेदकों ने जाति प्रमाण पत्र बनवाने के लिए किसी अन्य व्यक्ति या अपने नाम से मिलते-जुलते किसी व्यक्ति की समग्र आईडी का उपयोग किया.

तीनों ने जिस अंकसूची का प्रयोग किया वह अन्य जिलों की है. अनुसूचित जनजाति के लिए अनिवार्य 1950 की स्थिति का निवासी प्रमाण पत्र भी किसी के भी द्वारा संलग्न नहीं किया गया था. फॉर्म के साथ सारे डॉक्यूमेंट लगाने के बाद ही लोकसेवा केन्द्र फॉर्म का रजिस्ट्रेशन कर सकता है. एसडीएम रघुवीर सिंह मरावी के अनुसार लोकसेवा केंद्र के संचालक अंकित अग्रवाल व कम्प्यूटर ऑपरेटर अर्चना दहिया को आवेदन पत्र अनुविभागीय अधिकारी के सामने पेश करने के बाद उनके निर्णय के अनुसार ही आवेदन पत्र के संबंध में आदेश जारी कराना थे. लेकिन अर्चना दहिया ने आवेदन पत्र सामने पेश ही नहीं किए. उनकी जानकारी के बिना डिजिटल साइन का दुरुपयोग कर जाति प्रमाणपत्र जारी कर दिया. रांझी थाना पुलिस ने मुकेश बर्मन, दिलीप कुमार, सूरज सिंह, अंकित अग्रवाल व अर्चना दहिया के खिलाफ धारा 420, 467, 468, 471, 34 के तहत मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है.

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को ग्रेज्युटी भुगतान की याचिका विचारार्थ स्वीकार

**जबलपुर-** मध्यप्रदेश में कार्यरत् डेढ़ लाख से अधिक आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को सेवानिवृत्ति के उपरांत ग्रेज्युटी का लाभ दिये जाने की मांग के लिये म.प्र. आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका यूनियन (एंटक) द्वारा मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय में दायर रिट याचिका को विचारार्थ स्वीकार करते हुये न्यायमूर्ति श्री संजय द्विवेदी द्वारा मध्यप्रदेश शासन के महिला एवं बाल विकास विभाग को चार सप्ताह में जबाव प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है । याचिकाकर्ता यूनियन की ओर से अधिवक्ता अरविंद श्रीवास्तव ने पक्ष प्रस्तुत करते हुये तर्क दिया कि सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय अनुसार आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ग्रेज्युटी के पात्र हैं परन्तु उन्हें उक्त अधिकार से वंचित किया जा रहा है ।

# दमोह में 3 मासूम बेटियों को छोड़कर प्रेमी के संग भागी महिला

## जबलपुर के युवक से चल रहे थे प्रेम-संबंध

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** /दमोह. एमपी के दमोह स्थित पथरिया में रहने वाली महिला अपनी तीन मासूम बेटियों को छोड़कर प्रेमी के साथ भाग निकली. महिला के घर पर न मिलने से पति सहित अन्य परिजनों ने अपने स्तर पर तलाश की लेकिन जब कोई जानकारी न मिली तो पुलिस थाना पहुंचकर शिकायत की. जिसपर पुलिस ने महिला व उसके प्रेमी की तलाश शुरु कर दी है.

दमोह के पथरिया में रहने वाली महिला सीमा जैन अपनी तीन मासूम बच्चियों व पति नरेन्द्र जैन के साथ रहती है. पति नरेन्द्र जैन कटनी में मजदूरी करता रहा जो महीने में एक दो बार ही घर आता था. इस दौरान पति के मझौली निवासी सत्यम नामक युवक से प्रेम संबंध हो गए. जिसके चलते सत्यम जब भी मौका मिलता तो सीमा के पास आ जाता था. पति ने नरेन्द्र ने एक दो बार पति सीमा को सत्यम से फोन पर बात करते हुए पकड़ा था.

जिसपर उसे समझाइश भी दी, तीनों बेटियों की जिंदगी का वास्ता भी दिया लेकिन सीमा ने पति नरेन्द्र की बात पर ध्यान नहीं दिया, यहां तक कि पति व बच्चियों को छोडऩे का फैसला कर लिया. पिछले दिन सत्यम पथरिया में सीमा से मिलने के लिए पहुंचा. सत्यम जब कमरे में था इस दौरान देवर को संदेह हुआ कि भाभी सीमा के कमरे में कोई है. आवाज लगाई लेकिन कोई जबाव नहीं मिला. खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची दरवाजा तोड़कर अंदर पहुंची तो देखा कि दीवा में एक बड़ा सुराख है, कमरे में सीमा नहीं है तीनों बच्चियां पलंग पर सो रही है. आसपास देखा तो एक मोटर साइकल खड़ी मिली जो जबलपुर के मझौली निवासी सत्यम चौहान की थी, जिसके साथ सीमा के प्रेम संबंध चल रहे थे. पुलिस को पूछताछ में पता चला कि सत्यम सीमा से मिलने के लिए आता था, जिसके लिए सीमा ने घर की दीवार में एक सुराख बनाया था, जहां से सत्यम का आना जाना होता था. पथरिया पुलिस ने केस दर्ज कर फरार सीमा और उसके प्रेमी की तलाश शुरू कर दी है.

# अज्ञात वाहन से की टक्कर से एक की मौत, 1 घायल

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** थाना माढोताल में शुभम साहू उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम गौरैया थाना सुरखी जिला सागर ने सूचना दी कि उसका बड़ा भाई विशाल साहू उम्र 27 वर्ष दिनांक 22-2-25 को अपनी मोटर सायकल क्रमांक एमपी 15 जेड जे 6016 से अपने बड़े पिताजी के घर बेलखाडू कटंगी रोड गये थे दिनांक 22-2-25 की रात लगभग 9-30 बजे उसके मोबाइल पर उसके बड़े पिताजी के लड़के सोनू साहू ने फोन पर बताया कि भैया विशाल साहू घर से भतीजे आदित्य साहू हो लेकर पेट्रोल भरवाने ग्राम नगना पेट्रोल पम्प गये थे रात लगभग 8-40 बजे उनका नगना पेट्रोल पम्प के सामने किसी अज्ञात वाहन से एक्सीडेण्ट हो गया, इलाज हेतु विशाल और आदित्य को हम अस्पताल लेकर जा रहे हैं तुम मेडिकल कॉलेज पहुँचो तो वह मेडिकल कॉलेज पहुँचा उसे पता चला कि उसके बड़े भाई विशाल साहू की मृत्यु हो चुकी है भतीजा आदित्य साहू को हाथ पैर सिर में चोट है जिसे उपचार हेतु मेट्रो अस्पताल में भर्ती कराया है। सूचना पर मर्ग कायम कर जांच में लिया गया।

### मारपीट करने वाले आरोपी की तलाश

जबलपुर- थाना कोतवाली में रात्रि लोकेश अहिरवार उम्र 37 वर्ष निवासी जैन पेर्ट्रोल पम्प के सामने दमोहनाका ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी टायर रिपेयरिंग की दुकान दमोहनाका में है नरेन्द्र चौधरी निवासी दुर्गाई मोहल्ला का

### अकाल मृत्यु

**जबलपुर-** थाना कोतवाली में आज ि मदन लाल सोनी उम्र 77 वर्ष निवासी जानकीनगर ने सूचना दी कि वह पीएचईडी से रिटायर्ड है उसका एक ही बेटा मनोज सोनी उम्र 49 वर्ष है जो ठेकेदारी का काम करता था घर पर ही था खाना खाकर उपर के कमरे में सोने चला जाता था शाम लगभग 5 बजे नातिन वंशिका मनोज को चाय देने उपर के कमरे मे गयी थी उसके बाद रात लगभग 10 बजे हम लोग उपर वाला कमरा जो अंदर से बंद था , उपर के कमरे के दो दरवाजे तोड़कर देखा मनोज पंखे से रस्सी से फासी पर लटका था वंशिका ने मोहल्ले वालों की मद्द से जिन्दा समझकर नीचे उतारा मनोज की मृत्यु हो चुकी थी मनोज सोनी ने स्वंय फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। मनोज के पेट में तकलीफ थी एंव शराब भी पीता था पेट की तकलीफ के चलते फांसी लगाकर खत्म हुआ है।

# बिजली विभाग ने की विद्युत चोरों के खिलाफ की बड़ी कार्रवाई, 100 से अधिक प्रकरण बनाए





**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** जबलपुर में विद्युत विभाग ने बिजली चोरों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है. विद्युत विभाग की 20 टीमों ने बिजली चोरी के 100 प्रकरण बनाए है. इनके खिलाफ रिकवरी भी की गई है. विभाग की कार्रवाई से हड़कम्प मचा हुआ है.

बताया गया है कि जबलपुर के पूर्व संभाग स्थित घमापुर से लेकर भानतलैया, कंजर मोहल्ला, मदार टेकरी, चांदनी चौक, ठक्करग्राम व पसियाना क्षेत्र में लम्बे समय से बिजली चोरी की जा रही है. कई बार बिजली का बिल न देने पर कर्मचारियों ने लाइन भी काट दी, लेकिन कर्मचारियों के जाते ही लाइन जोड़ लेते थे. जिसके चलते आज विद्युत विभाग की 20 टीमों ने घमापुर से रद्दी चौकी तक एक दर्जन से ज्यादा बिजली चोरी पकड़ी है. इस दौरान लोगों ने विद्युत कर्मचारियों के साथ अभद्रता करने की कोशिश की लेकिन पुलिस ने कानूनी कार्यवाही का हवाला देते हुए शांत करा दिया. इसके बाद भी कुछ नही माने तो कार्यवाही भी की गई है.

अधिकारियों का कहना है कि इस क्षेत्र में 60 प्रतिशत लोग चोरी की बिजली से अपने घर रोशन कर रहे है. अधिकतर घरों में मीटर तो लगे है लेकिन वे भी बंद है. तार सीधे मैन लाइन से लगाकर बिजली का उपयोग कर रहे है. वहीं इस संबंध में सिटी सर्किल के एसई संजय अरोड़ा का कहना है कि आज 100 से अधिक प्रकरण दर्ज किए गए है. बिलिंग अधिनियम के तहत इन से वसूली भी की जाएगी. इनसे कहा जा रहा है कि राशि का भुगतान करें, यदि समय-सीमा के बाद भी यह लोग पैसे जमा नहीं करते हैं तो मामले को कोर्ट में लेकर जाएंगे. जहां कोशिश की जाएगी कि बिजली चोरी के मामले में इन लोगों को कड़ी से कड़ी सजा दिलवाते हुए जेल भिजवाया जाए.

# आदेश का उल्लंघन कर तेज आवाज में डीजे बजाने वालों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज

## 1 ट्रक, 1 छोटा हाथी, 1 एलपीटी वाहन, 38 साउंड बाक्स, 5 जनरेट, 4 मिक्सर, 7 स्टेपलाईजर, माउसपेड डायना टेक, सार्पी लाईट, लाईट मिक्सर आदि जप्त

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** थाना प्रभारी हनुमानताल श्री धीरज राज ने बताया कि भ्रमण के दौरान भानतलैया में ट्रक क्रमांक एमपी 20 जीव्ही 1924 में लगे डीजे साउण्ड में तीव्र ध्वनि से गाने बजा रहा था जिसकी ध्वनि से आमजन एवं राहगीरों को काफी परेशानी हो रही थी वाहन चालक से नाम पता पूछने पर अपना नाम अनुराग करियार उम्र 22 वर्ष निवासी प्रेमसागर हनुमानताल बताया, जिससे तेज ध्वनि में गाना बजाने के संबंध में पूछताछ करने पर कोई अनुमति नहीं होना बताया, आरोपी द्वारा जिला दण्डाधिकारी जबलपुर के आदेश का उल्लंघन करना पाये जाने से आरोपी अनुराग करियार के कब्जे से ट्रक क्रमांक एमपी 20 जीव्ही 1924 तथा ट्रक में लगे 4 नग डायना टेक , 1 नग साउण्ड मिक्सर मशीन, 18 नग साउण्ड बाक्स, 2 नग जनरेटर, 3 नग स्टेपलाइजर, 4 नग सारपी लाईट, 1 लेजर लाईट, 1 स्मोक, 1 लाईट मिक्सर को जप्त करते हुये आरोपी के विरूद्ध धारा 7/15 म.प्र.कोलाहल अधिनियम तथा 223 बीएनएस के तहत कार्यवाही की गई।

उल्लेखनीय भूमिका - आरोपी को पकड़ने में प्रधान आरक्षक महेन्द सिंह, आशीष असाठी, आरक्षक हुलेश, आशीष, सुरेन्द्र बरकड़े, की सराहनीय भूमिका रही।

थाना प्रभारी बेलबाग श्री प्रवीण कुमरे ने बताया कि दिनांक 22-2-25 की देर रात भ्रमण के दौरान पंजाब बैंक के सामने एक टाटा एस छोटा हाथी वाहन क्रमांक एमपी 21 एल 0539 में तीव्र ध्वनि से डीजे बज रहा था जिसे रूकवाकर वाहन चालक से नाम पता पूछने पर अपना जितेन्द्र केवट उम्र 30 वर्ष निवासी बस्ती नम्बर 2 गोहलपुर बताया तेज ध्वनि में गाना बजाने के संबंध में पूछताछ करने पर कोई अनुमति नहीं होना बताया, आरोपी द्वारा जिला दण्डाधिकारी जबलपुर के आदेश का उल्लंघन करना पाये जाने से आरोपी जितेन्द्र केवट के कब्जे से टाटा एस छोटा हाथी वाहन क्रमांक एमपी 21 एल 0539 एवं वाहन में लगा 1 जनरेटर, माउस पेड, मिक्सर, सार्पी, एलईडी पार्क, बेस बाक्स 4 नग, डबल स्पीकर 2 नग, सिंगल स्पीकर 4 नग, स्टेप्लाईजर मेनुअल 2 , लाईट मिक्सर डिस्को 1 जप्त किये गये। इसी प्रकार भ्रमण के दौरान बाई का बगीचा गली नम्बर 1 मेन रोड के सामने एक एलपीडी चार चक्का एमपी 13 जीबी 2372 में तीव्र ध्वनि से डीजे बज रहा था जिससे आमजन एवं क्षेत्रिय वासियों को काफी परेशानी हो रही थी ध्वनि असहनीय लग रही थी जिसे रूकवाकर चालक से नाम पता पूछने पर अपना नाम चंदन चौघरी उम्र 35 वर्ष निवासी सिंधी केम्प बाबाटोला थाना हनुमानताल बताया जिससे तेज ध्वनि में गाना बजाने के संबंध में पूछताछ करने पर कोई अनुमति नहीं होना बताया, आरोपी द्वारा जिला दण्डाधिकारी जबलपुर के आदेश दिनांक का उल्लंघन करना पाये जाने से चंदन चौधरी के कब्जे से 1 एलपीडी चार चक्का क्रमांक एमपी 13 जीबी 2372 तथा इसमें लगे इंजन जनरेटर (प्रकाश) 1, इंजन जनरेटर (डायमंड) 1, माउस पेड (डायनाटेग) 3, माउस पेड (स्टूडियो मास्टर) 1, माउस पेड (एम.टी. 1201) 1, स्टेपलाईजर लिंक 1 , स्टेपलाईजर इलेक्ट्रा 2, मिस्क्स स्टेंजर 1, सार्पी लाईट मिक्सर 1, सार्पी खाली पेटी 2, पावर प्लग बोर्ड 3, बेस बाक्स 6, साउण्ड बाक्स 4, स्पीलक लाईनर 4, स्टोप लाईट 4, सार्पी लाईट 6 जप्त किये गये।

### अकाल मृत्यु

**जबलपुर -** थाना गोराबजार में रात हेमन्त कुरील उम्र 35 वर्ष निवासी भूरी बाई का बगीचा गोराबजार ने सूचना दी कि वह हलवाई का काम करता है किशन लाल उसके मामा जी हैं जो हनी बाई के किराये के मकान में रहते थे, और उसके घर में खाना खाने आते थे खाना खाने नही आये तो उसका छोटा बेटा सिद्धार्थ उम्र 8 वर्ष ने किशन लाल के घर आकर देखा कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था,

# जिला बदर का आरोपी आदेश का उल्लंघन करते गिरफ्तार

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** थाना प्रभारी चरगवां उप निरीक्षक अभिषेक प्यासी ने बताया कि रकी उर्फ राकेश लोधी उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम महुआबारी थाना चरगवा का एक अपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति है जिसके विरूद्ध कई अपराध पंजीबद्ध होकर न्यायालय मे विचाराधीन है जिसकी आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु जिला बदर का प्रकरण तैयार कर जिला दण्डाधिकारी जबलपुर को प्रेषित किया गया था जिससे सहमत होते हुये जिला दण्डाधिकारी जबलपुर द्वारा दिनॉक 25-10-2024 को रकी उर्फ राकेश लोधी को जिला जबलपुर एवं जबलपुर से लगे सीमावर्ती जिले मण्डला, डिण्डौरी, सिवनी नरसिंहपुर कटनी, दमोह, उमरिया की राजस्व सीमाओं से 6 माह की अवधि हेतु जिलाबदर किया गया था उक्त आदेश की तामीली करा दी गयी थी । विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली कि जिला बदर का आरोपी रकी उर्फ राकेश लोधी निवासी ग्राम महुआबारी का ग्राम चरगवा और मेहगवां के बीच घूम रहा है। सूचना पर तत्काल दबिश देते हुये रकी उर्फ राकेश लोधी को पकडा गया जो तलाशी लेने पर एक चाकू रखे मिला। जिला बदर के आदेश का उल्लंधन करना पाया जाने पर रकी उर्फराकेश लोधी के विरूद्ध धारा 25 आर्म्स एक्ट एंव 14 म0प्र0 राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्यवाही की गयी।

# माँ वैष्णों माता मंदिर में हरिनाम संकीर्तन का हुआ भव्य आयोजन





**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** श्री चैतन्य महाप्रभु संकीर्तन मण्डल जाबालिपुरम् के संयोजकत्व में विजयनगर स्थित माँ वैष्णों माता मंदिर में आचार्य पण्डित मनमोहन दुबे के सान्निध्य में आज साप्ताहिक हरिनाम संकीर्तन का भव्य आयोजन किया गया ।

आरम्भ में सर्व देव आव्हान पूजन अर्चन मंदिर के व्यवस्थापक पं.रविकांत मथुरा प्रसाद दीक्षित धर्म सेविका श्रीमती उमा दीक्षित ने किया । हरि हरि हरि बोल राधे राधे राधे,वीर हनुमाना तेरे चरणों की धूल जो मिल जाए जैसे अनेक सुमधुर भजनों पर गुंजायमान मंदिर प्रांगण में उपस्थित भक्त जन भक्ति रस में खूब आनंदित हुये संकीर्तन में ज्योतिषाचार्य पं देवेन्द्र त्रिपाठी,संयोजक देवेंद्र नेमा,के एल दीक्षित,सुरेंद्र गिरी,सोमेश कांत दीक्षित, डॉ.संदीप नेमा,मोनी विश्वकर्मा, शिवा नामदेव,विशाल पंड्या,राजेंद्र सोनी,अमित विश्नोई,विवेक अग्रवाल,रंजीत रायआदि अनेक भक्त जन उपस्थित रहें।

# नगर निगम में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं बंद पड़े विकास कार्य के विरोध में कांग्रेस पार्षद दल पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में कल निकालेगा भ्रष्टाचार एवं झूठी घोषणाओं की मटके की यात्रा



**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा उप नेता प्रतिपक्ष शगुफ्ता उस्मानी गुड्डू नवी सचेतक अयोध्या तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया है कि भाजपा की नगर सत्ता के राज में नगर निगम में व्याप्त भ्रष्टाचार और लगातार विकास के नाम पर की जा रही झूठी घोषणाओं के विरोध में कांग्रेस पार्षद दल शहर की सभी विधानसभाओ में भ्रष्टाचार का मटका एवं झूठी घोषणा के मटके की यात्रा निकालकर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा जिसकी शुरुआत कल पश्चिम विधानसभा में पूर्व वित्त मंत्री तरुण भनोट जी एवं गौरव भनोट जी के निर्देश पर कल दिनांक 24 फरवरी दिन सोमवार को दोपहर 12ः00 गुलौआ चौक से निकली जायेगी

# मारपीट करने वाले आरोपी की तलाश

**जबलपुर -** थाना कोतवाली में रात्रि लोकेश अहिरवार उम्र 37 वर्ष निवासी जैन पेर्ट्रोल पम्प के सामने दमोहनाका ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी टायर रिपेयरिंग की दुकान दमोहनाका में है नरेन्द्र चौधरी निवासी दुर्गाई मोहल्ला का तीन चार बार उसकी रिपेयरिंग की दुकान में आकर अपनी गाड़ी के चके में हवा डलवाता था और अपनी गाड़ी सुधरवाने भी आता था और बिना पैसे दिये चला जाता था दिनांक 22-2-25 को शाम लगभग 4-30 बजे वह अपनी दुकान से घर के लिये दाल लेने परिजात बिल्डिंग के पास जा रहा था गोपाल सदर मोड़ पर पहुँचा

# शासकीय कार्य में अवरोध उत्पन्न करने वाले के विरुद्ध प्रकरण दर्ज

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** थाना पाटन में रात्रि डॉक्टर वैशाली खन्ना उम्र 28 वर्ष निवासी शासकीय प्राथमिक अस्पताल पाटन ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह शासकीय अस्पताल पाटन में महिला चिकित्सक के पद पर पदस्थ है दिनांक 21-2-25 की प्रात: 7 बजे से कैजुल्टी में डियूटी पर थी साथ में नर्सिंग स्टाफ अनुश्री एवं सुरक्षा गार्ड ऋषि था मरीज वहां पर भर्ती थे जिनका उपचार एवं देखरेख कर रही थी तभी प्रिंश यादव निवासी चौधरी मोहल्ला पाटन का कैजुल्टी वार्ड में पैसेन्ट अंचू बाई उम्र 50 वर्ष को इलाज हेतु लेकर आया था जिसका इलाज करने लगी उपचार के दौरान प्रिंश यादव काफी उत्तेजित हो गया और उससे अभद्र भाषा में अपशब्दों का प्रयोग करने लगा एवं गाली गलोज करने लगा उसने कहा कि भैया शांत हो जाओ पैशेन्ट का इलाज कैसे करना है मुझे मालूम है वैसा ही इलाज करूंगी, प्रिंश यादव जान से मारने की धमकी देते हुये बोला अस्पताल के बाहर मिलोगी तो जान से खत्म कर दूंगा, प्रिंश यादव शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करते हुये देख लेने की धमकी दिया। रिपोर्ट पर धारा 296, 221, 224, 351(3) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### अकाल मृत्यु

**जबलपुर** थाना गोराबजार में हेमन्त कुरील उम्र 35 वर्ष निवासी भूरी बाई का बगीचा गोराबजार ने सूचना दी कि वह हलवाई का काम करता है किशन लाल उसके मामा जी हैं जो हनी बाई के किराये के मकान में रहते थे, और उसके घर में खाना खाने आते थे खाना खाने नही आये तो उसका छोटा बेटा सिद्धार्थ उम्र 8 वर्ष ने किशन लाल के घर आकर देखा कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था,




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। थाना गढा में संजय रजक उम्र 23 वर्ष पता गंगानगर सरस्वती स्कूल के पास थाना संजीवनी नगर ने लिखित शिकायत की कि वह कम्प्यूटर एमपी ओनलाइन की दुकान रानीदुर्गावती स्कूल के पास गंगानगर मे चलाता है। उसका मित्र सौरभ दुबे उम्र 35 साल पता गंगानगर चंदन कालोनी थाना संजीवनीनगर की गुरुकृपा मेडिकोज के नाम से पंडा मढिया गढा मे दुकान है। सौरभ दुबे की मेडिकल दुकान मे उसका आना जाना रहता है जहॉं पर उसे सौरभ दुबे के दोस्त गगन वैष्णव भी दुकान पर मिलते थे जिससे हमारी पहचान हो गई थी।



## 8 वां इन्वेस्ट मध्यप्रदेश - ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट 2025 प्रधानमंत्री मोदी आज करेंगे जीआईएस का शुभारंभ

# भोपाल बनेगा औद्योगिक हब, 24 - 25 फरवरी को भोपाल होगा इंडस्ट्री लीडर्स का महामंच

भोपाल-आरएनएस- मध्यप्रदेश निवेशकों, व्यवसायियों और उद्योगों के लिए अनंत संभावनाओं के उद्देश्य से बहुप्रतीक्षित इन्वेस्ट मध्यप्रदेश - ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट-2025 की मेजबानी करने के लिए तैयार है। 24-25 फरवरी, 2025 को भोपाल में पहली बार आयोजित होने वाली समिट मध्यप्रदेश के लिए ऐतिहासिक है। समिट के आयोजन से प्रदेश की राजधानी भोपाल, देश के सबसे बड़े निवेश सम्मेलन का केंद्र बन गई है और म.प्र. उद्योग हब बनकर उभर रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी 24 फरवरी को 2 दिवसीय ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट का शुभारंभ करेंगे। भोपाल के राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में होने वाली इस समिट में प्रधानमंत्री श्री मोदी मध्यप्रदेश की औद्योगिक नीतियों का शुभारंभ करेंगे और देश-विदेश से आए निवेशकों, उद्योगपतियों, प्रवासी भारतीयों और स्टार्ट-अप्स को संबोधित करेंगे और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में राज्य की 18 से अधिक नई नीतियों का अनावरण करेंगे। इसमें औद्योगिक, खाद्य, निर्यात, एमएसएमई, स्टार्ट-अप्स, जीसीसी, सेमी-कंडक्टर, ड्रोन, पर्यटन, फिल्म निर्माण नीति शामिल है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के संबोधन से पहले राज्य की औद्योगिक और निवेश क्षमता को प्रदर्शित करने वाला 5 मिनट की वीडियो फिल्म प्रदर्शित की जाएगी। समिट में सहभागिता के लिए 25 हजार से अधिक पंजीकरण प्राप्त हुए हैं। इनमें 50 से अधिक देशों के 100 से अधिक विदेशी प्रतिनिधि भोपाल आ रहे है। इसमें राजदूत, उच्चायुक्त और महावाणिज्य दूत शामिल हैं। समिट में व्यापक पैमाने पर भागीदारी इस बात का प्रमाण है कि मध्यप्रदेश ने देश-दुनिया के निवेशकों को आकर्षित किया है। समिट में भाग लेने वाले प्रमुख उद्योगपतियों में आदित्य बिड़ला समूह के अध्यक्ष श्री कुमार मंगलम बिड़ला, अडानी समूह के अध्यक्ष श्री गौतम अडानी, गोदरेज इंडस्ट्रीज लिमिटेड के अध्यक्ष और एमडी श्री नादिर गोदरेज, रसना प्राइवेट लिमिटेड के समूह अध्यक्ष श्री पिरुज खंबाटा, भारत फोर्ज लिमिटेड के अध्यक्ष और एमडी श्री बाबा एन कल्याणी, सन फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड के ग्लोबल हेड ऑफ ऑपरेशंस श्री राहुल अवस्थी और एसीसी लिमिटेड के सीईओ श्री नीरज अखौरी जैसे दिग्गज शामिल हैं। जीआईएस-2025 में कृषि, खाद्य प्रसंस्करण, कपड़ा और वस्त्र, खनन, सूचना प्रौद्योगिकी, नवीकरणीय ऊर्जा, शहरी विकास, पर्यटन और खाद्य जैसे प्रमुख निवेश क्षेत्र विभिन्न सम्मेलनों के माध्यम से निवेशकों को अनंत संभावनाओं से परिचित कराएंगे।

**गृह मंत्री शाह करेंगे 25 फरवरी को जीआईएस का समापन**

जीआईएस के दूसरे दिन, 25 फरवरी को समापन में मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन राज्य के विकास के संदर्भ में भविष्य की रूपरेखा पर प्रकाश डालेंगे। इसके बाद %मध्यप्रदेश - अनंत संभावनाएं% नामक वीडियो की प्रस्तुति होगी, जिसमें राज्य की विशाल क्षमता और अवसरों को प्रदर्शित किया जाएगा। प्रमुख उद्योगपति सभा को संबोधित कर अपना विजन और अनुभव साझा करेंगे। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह का मुख्य संबोधन होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव भी संबोधित करेंगे। दो दिवसीय निवेश शिखर सम्मेलन के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रमुख उद्योगपतियों के साथ वन-टू-वन मीटिंग और प्रदेश के औद्योगिक निवेश संभावनाओं पर परस्पर चर्चा करेंगे।

## जीआईएस एमपी में निवेश की अनंत संभावनाओं पर फोकस



**भागीदार देश सत्र** - शिखर सम्मेलन ने वैश्विक भागीदारी को आकर्षित किया है, जिसमें भागीदार देश विभिन्न सत्रों की मेजबानी कर रहे हैं। इनमें ग्लोबल साउथ, जर्मनी और मध्यप्रदेश के लिए निवेश रणनीतियों और जापान और मध्यप्रदेश के बीच आर्थिक सहयोग पर सत्र शामिल हैं। कनाडा के साथ एक राउण्ड टेबल मीटिंग, पोलैंड के साथ एक कंट्री सेशन और एक बहुराष्ट्रीय निवेश सत्र भी होगा।

**विभागीय शिखर सम्मेलन**- नवीनीकृत मध्यप्रदेश शिखर सम्मेलन, कुसुम परियोजनाओं के लिए हस्ताक्षरित पॉवर परचेज एग्रीमेंट (पीपीए), लेटर ऑफ अवार्ड (एलओए) वितरण और बीईएसएस परियोजना के साथ मुरैना सौर पर पूर्व-बोली बैठकों सहित हरित ऊर्जा परियोजनाओं को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करेगा।

**टेक-इन्वेस्ट समिट**- यह समिटराज्य को टेकसंचालित अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में संभावनाओं को उजागर करेगा, जिसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, स्मार्ट शहरों और डिजिटल परिवर्तन पर चर्चा होगी, जिसमें एक समर्पित एआई और आईटी स्टार्ट-अप इनक्यूबेशन नीति का शुभारंभ होगा।

**एमएसएमई और स्टार्ट-अप सत्र**-मध्यप्रदेश का जीवंत एमएसएमई और स्टार्ट-अप पारिस्थितिकी तंत्र नवाचार और विकास को बढ़ावा देने के लिए पूरी तरह तैयार है। यह शिखर सम्मेलन उद्यमियों, निवेशकों और औद्योगिक संगठनों को जोड़ता है। साथ ही सहयोग और विस्तार के अवसरों को भी बढ़ावा देता है। शिखर सम्मेलन राज्य में स्टार्ट-अप और एमएसएमई पारिस्थितिकी तंत्र पर केंद्रित है। प्रमुख यूनिकॉर्न, स्टेबिलिटी और ब्रांड रिस्पांसिबिलिटी स्टार्ट-अप शिखर सम्मेलन का हिस्सा बन रहे है।

**खनन शिखर सत्र**-समिट में एनएमईटी फंड का उपयोग करके तांबा और रणनीतिक खनिजों का पता लगाने के लिए एमपीएसएमसीएल और हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए जाएंगे।

**शहरी विकास शिखर सत्र**- इस सत्र में किफायती आवास, शहरी नियोजन में एआई और शहरों में नवीकरणीय ऊर्जा अपनाने संबंधी चर्चा रहेगी।

**कपड़ा और परिधान सत्र**-समिट में तकनीकी और सुरक्षात्मक वस्त्रों को बढ़ाने पर विशेष रूप से चर्चा की जाएगी। सत्र में जापान की मशहूर कम्पनी यूनिक्लो मध्यप्रदेश के वस्त्र और परिधान उद्योग की संभावनाओं पर चर्चा करेंगे।

**पर्यटन सत्र** - सत्र में इंडियाहाइक्स के साथ बहु-दिवसीय ट्रेकिंग मार्गों को विकसित करने के लिए समझौता ज्ञापन, ग्वालियर किले की रोशनी के लिए इंटरग्लोब एविएशन (इंडिगो) के साथ एक सीएसआर साझेदारी आदि सहित प्रमुख पहलों की घोषणा की जाएगी।



**प्रवासी मध्यप्रदेश सत्र**- ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट में प्रवासी मध्यप्रदेश के प्रवासी नागरिक शामिल होंगे। यह सत्र वैश्विक भारतीय प्रवासी को जोड़ने, नए निवेश के अवसरों को बढ़ावा देने और सांस्कृतिक और आर्थिक संबंधों को मजबूत करने के लिए प्रमुख मंच प्रदान करेगा।

**क्षेत्रीय सत्र**-जीआईएस में क्षेत्रीय शिखर सम्मेलनों की श्रृंखला भी होगी, जो प्रमुख क्षेत्रों में निवेश की क्षमता को अनलॉक करेगी। इसमें -

**मॉलीक्युल्स टू मशीन ( स्वास्थ्य सेवा, फार्मा और चिकित्सा उपकरण )**- आयात निर्भरता, स्वदेशी उत्पादन को बढ़ावा देने, उद्योग परिवर्तन, सरकारी नीतियों, डिजिटल परिवर्तन और नियामक चुनौतियों पर चर्चा के साथ भारत में फार्मा और मेडटेक की विकास कहानी का प्रदर्शन होगा।

**सीड-टू-शेल्फ ( खाद्य प्रसंस्करण, कृषि और बागवानी )**- इस सत्र में कृषि से तैयार उत्पादों की मूल्य श्रृंखला, खाद्य प्र-संस्करण और बागवानी में निवेश आकर्षित करने, क्षेत्र की जैव विविधता, कृषि उत्पादन और औद्योगिक परिदृश्य पर विषय विशेषज्ञों के साथ विस्तृत चर्चा की जाएगी।

**नए युग का निर्माण ( कपड़ा और परिधान )**- इस सत्र में मध्यप्रदेश की प्रचुर कच्ची सामग्री उपलब्धता, मजबूत बुनियादी ढांचा के साथ-साथ मैन्यूफैक्चरिंग, डिजाईन, इनोवेशन और निर्यात विस्तार बढ़ाने पर चर्चा की जाएगी।

**कौशल विकास सत्र**- इस सत्र में युवाओं में कौशल विकास प्रतिभा का पोषण और बढ़ते कार्य बल को सशक्त बनाने पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना जैसी पहलों के साथ, मध्यप्रदेश को एक अग्रणी कौशल विकास केंद्र के रूप में उभर रहा है, जो युवाओं को रोजगार के लिये तैयार कर रहा है। खाद्य एवं भंडारण सत्र = इस सत्र में मध्यप्रदेश को दुनिया से जोड़ना के उद्देश्य से प्रदेश के सुविकसित परिवहन बुनियादी ढांचे और अग्रणी उद्योगों के प्रतिनिधियों के साथ विचार-विमर्श किया जाएगा।

**सहकारिता सत्र**- इस सत्र में राज्य के आर्थिक विकास में सहकारी समितियों की भूमिका को उजागर करना और सहकारी समितियों को मजबूत करने के लिए रणनीतियों पर चर्चा की जाएगी।

**सड़क अवसंरचना सत्र**- इस सत्र में मध्यप्रदेश में सड़क अवसंरचना विकास में निवेश के अवसरों, नवीन समाधानों और भविष्य की संभावनाओं पर विषय-विशेषज्ञों के साथ विस्तृत चर्चा की जाएगी। **भविष्य की चुनौतियां**

एमपी स्टार्ट-अप पिचिंग सत्र- इस सत्र में स्टार्ट-अप्स को अपने नवीन विचारों और समाधानों को पिच करने के उद्देश्य से युवा स्टार्ट-अप उद्यमी सम्मिलित होंगे। इससे राज्य में उद्यमिता और निवेश को बढ़ावा मिलेगा।

**ग्रीन हाइड्रोजन**- इस सत्र में टिकाऊ ऊर्जा स्त्रोत के रूप में ग्रीन हाइड्रोजन की क्षमता, निवेश के अवसरों और इस तकनीक को आगे बढ़ाने में मध्यप्रदेश की भूमिका पर चर्चा की जाएगी।

शिखर सम्मेलन और सत्रों के अलावा, कपड़ा और परिधान के साथ सीआईआई बैठकें, एमएसएमई परिषद के साथ बैठक और विकसित भारत युवा नेता संवाद भी होगा।

**प्रदर्शनियाँ**

जीआईएस-2025 में इन निवेश शिखर सम्मेलनों के समानांतर ऑटो एक्सपो जोन, इलेक्ट्रिक वाहनों और स्वच्छ गतिशीलता में नवाचारों का प्रदर्शन, टेक्सटाइल एक्सपो जोन, टिकाऊ और सुरक्षात्मक वस्त्रों का प्रदर्शन और एमपी मंडप प्रदर्शनियाँ, मध्यप्रदेश की औद्योगिक ताकत और निवेश प्रोत्साहन को उजागर करना सहित कई प्रदर्शनियाँ होंगी।जीआईएस-2025 के अंतर्गत बीट-2-बी (बिजनेस टू बिजनेस) और बिजनेस-टू-गवर्नमेंट (बी2जी) मीटिंग के माध्यम से व्यवसायों के लिए विशेष नेटवर्किंग प्लेटफ़ॉर्म प्रदान किया जाएगा, जिससे निवेशक सीधे नीति निर्माताओं, नियामक निकायों और उद्योग के नेताओं से जुड़ सकते हैं। एमपी बिजनेस एग्जीक्यूटिव मीट, एमपी गवर्नमेंट और बिजनेस मीट और विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग जैसे प्रमुख कार्यक्रम रणनीतिक व्यावसायिक नेटवर्किंग, नियामक चर्चा और उद्यमिता विकास की सुविधा प्रदान करेंगे।

**एक्सपो और प्रदर्शनी**

शिखर सम्मेलन में कई समानांतर एक्सपो आयोजित किए जाएँगे, जिनमें मध्यभारत फ़ैब्रिक और फ़ैशन एक्सपो में मध्यप्रदेश के समृद्ध कपड़ा उद्योग, परिधान में नवाचार और उभरते वैश्विक फ़ैशन रुझानों को प्रदर्शित किया जाएगा।

**एमपी मोबिलिटी एक्सपो** - इस एक्सपो में राज्य की ऑटोमोटिव क्षेत्र में हुई प्रगति को प्रदर्शित किया जाएगा। ओडीओपी विलेज- राज्य की एक जिला, एक उत्पाद (ओडीओपी) पहल, स्थानीय कारीगरों और लघु उद्योगों का प्रदर्शन किया जाएगा। एमपी पैवेलियन प्रदर्शनी राज्य के औद्योगिक परिदृश्य और व्यावसायिक प्रोत्साहनों के बारे में जानकारी प्रदान करती है।

**एमपी डिजिटल एक्सपीरियंस ज़ोन** - प्रधानमंत्री श्री मोदी 5,000 वर्ग फीट में निर्मित इमर्सिव सेंटर का भ्रमण करेंगे। इसमें वे मध्यप्रदेश की समृद्ध विरासत, ऐतिहासिक धरोहर और पर्यटन स्थलों का वर्चुअल अनुभव लेंगे। यह जोन जीआईएस में आने वाले प्रतिभागियों को मध्यप्रदेश की परंपरा और नवाचार के संगम का अनुभव कराएगा।

**सामान्य प्रदर्शनी** - व्यवसायियों को अपने उत्पादों, सेवाओं और तकनीकी प्रगति को उजागर करने के लिए मंच प्रदान करना। जीआईएस-2025 कुशल यातायात और सुरक्षा प्रबंधन, ई-कार्ट स्टेशन और शटल सेवाओं के साथ सहज कार्यक्रम अनुभव प्रदान करेगा।

# संत निरंकारी मण्डल ब्रांच जबलपुर में प्रोजेक्ट अमृत स्वच्छ जल स्वच्छ मन हेतु घाटों एवं जल स्त्रोत पर स्वच्छता एवं जल संरक्षण अभियान



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं सत्कार योग्य निरंकारी राजपिता जी की असीम कृपा से संत निरंकारी चेरिटेबिल फ़ाउंडेशन के अंतर्गत आज 23 फरवरी 2025 रविवार को प्रोजेक्ट अमृत के तृतीय चरण स्वच्छ जल स्वच्छ मन का आयोजन किया गया इस परियोजना का उद्धेश्य जल संरक्षण स्वच्छता के प्रति जागरूक करना है, ताकि भावी पीढ़ीयों को निर्मल जल और स्वस्थ पर्यावरण का वरदान प्राप्त हो सके संत निरंकारी मिशन ने बाबा हरदेव सिंह जी महाराज की प्रेरणादायक शिक्षाओं को आत्मसात करते हुए वर्ष 2023 से संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से प्रोजेक्ट अमृत का शुभारंभ किया था इस दिव्य पहल का उद्धेश्य केवल जल स्त्रोतों को स्वच्छता सुनिश्चित करना ही नहीं बल्कि जल संरक्षण को जीवन का अभिन्न अंग बनाने की सोच विकसित करना जिसमें नदियों, झीलों, तालाबों और झरनों जैसे प्रकृतिक जल स्त्रोतों की स्वच्छता एवं संरक्षण का अभियान है मण्डल के सचिव आदरणीय जोगिंदर सुखिजा जी ने जानकारी दी की आज ये वृहद अभियान देशभर में 27 राज्यों एवं केन्द्रशसित प्रदेशों के 900 से अधिक शहरों एवं 1600 स्थानों पर आयोजित किया गया है संस्कारधानी जबलपुर में भी संत निरंकारी मण्डल की ब्रांच जबलपुर में लगभग 400 भाई-बहिन सेवादार एवं साध संगत ने चार यूनिटों जबलपुर सिटी, अधारताल, लालमाटी व गढ़ा में बंटकर गौरीघाट के उमाघाट नर्मदा जी के उस पार नावों द्वारा जाकर व जिलहरी घाटों पर प्रात- 08 बजे से 10 बजे तक जल से कीचड़ व चोई निकाल कर जल को प्रदूषण मुक्त किया व घाटों पर सेवादारों ने झाड़ू लगाकर साफ सुथरा किया द्य अभियान में पधारे मुख्य अतिथि नगर अध्यक्ष रतनेश सोनकर जी का जबलपुर के



नवनीत नागपाल जी ने दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया प्रोजेक्ट अमृत परियोजना में अनिल बारी जी नगर निगम, गौरीघाट पार्षद श्रीमति कुशवाहा जी आदि गणमान्य व्यक्तियों ने उपस्थिती दी तथा जबलपुर फ्लेक्स टीम द्वारा घाटों के मुख्य स्थलों पर फ़्लेक्स होर्डिंग स्वच्छ जल स्वच्छ मन, जल बचाओं कल बचाओं, प्रदूषित पानी हमारी हानि आदि लगाकर जन जागरण का प्रयास किया गया साय 6-30 से 9-30 बजे तक संत निरंकारी मण्डल गोलबाजार सत्संग भवन में नागोद के मुखी महात्मा अनूप सुंदरानी जी के सनिध्य में विशाल आध्यात्मिक सत्संग का आयोजन किया गया जिसमें सतगुरु बाबा हरदेव सिंह जी महाराज के मानवता की अनेक कल्याणकारी शिक्षाओं को याद कर उनके संदेशों को धर्म जोड़ता है, तोड़ता नहीं, मानव हो मानव को प्यारा इक दूजे का बने सहारा, प्रदूषण अंदर ही या बाहर दोनों ही हानिकारक हैं , रक्त नाड़ियों में बहे न कि नालियों में आदि मानवता हितार्थ संदेशों को याद कर उनपर जीवन जीने का आहवाहन किया गया

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव से आईटीसी के चेयरमैन पुरी एवं सीआईआई और एक्सिस बैंक के प्रतिनिधियों ने की सौजन्य भेंट



भोपाल आरएनएस - मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से रविवार को आईटीसी लिमिटेड के अध्यक्ष एवं भारतीय उद्योग परिसंघ (कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्रीज - सीआईआई) के प्रेसिडेंट श्री संजीव पुरी, सीआईआई के डायरेक्टर जनरल श्री चंद्रजीत बैनर्जी, रीजनल डायरेक्टर श्री राजेश कपूर एवं श्री अनिरुद्ध चौहान ने समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में सौजन्य भेंट की। इस दौरान औद्योगिक विकास और परस्पर व्यापारिक सहयोग से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव से एक्सिस बैंक, मुंबई के वाइस प्रेसिडेंट श्री संदीप ओतुरकर व अन्य अधिकारियों ने भी समत्व भवन में ही मुलाकात की। बैठक में वित्तीय क्षेत्र में सहयोग और प्रदेश में बैंकिंग सुविधाओं के आवश्यकतानुसार विस्तार पर विचार-विमर्श किया गया।

# जेएसडब्ल्यू ग्रुप के चेयरमैन सज्जन जिंदल को एआईएमए मैनेजिंग इंडिया अवार्ड्स में मिला बिजनेस लीडर ऑफ डिकेड का पुरस्कार



नई दिल्ली (आरएनएस) जेएसडब्ल्यू ग्रुप के चेयरमैन सज्जन जिंदल को 15वें एआईएमए मैनेजिंग इंडिया अवार्ड्स में प्रतिष्ठित बिजनेस लीडर ऑफ डिकेड सम्मान से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान जेएसडब्ल्यू ग्रुप को एक वैश्विक समूह में विस्तारित करने में उनके परिवर्तनकारी नेतृत्व के लिए दिया गया है। श्री जिंदल को यह पुरस्कार आज यहां आयोजित एक समारोह में मुख्य अतिथि श्री धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षा मंत्री और विशिष्ट अतिथि श्री जितिन प्रसाद, वाणिज्य एवं उद्योग; इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी राज्य मंत्री की उपस्थिति में प्रदान किया गया। प्रशस्ति पत्र केपीएमजी इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री येजदी नागपुरेवाला ने पढ़ा। श्री जिंदल के नेतृत्व में, जेएसडब्ल्यू समूह ने उल्लेखनीय वृद्धि हासिल की है, जिससे उसका राजस्व दोगुना से भी अधिक होकर 24 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया है। उनकी रणनीतिक दृष्टि के कारण जेएसडब्ल्यू ने अपनी वार्षिक इस्पात उत्पादन क्षमता को लगभग तीन गुना बढ़ाकर 39 मिलियन टन कर लिया है, साथ ही समूह को अक्षय ऊर्जा और सीमेंट निर्माण में एक प्रमुख शक्ति के रूप में स्थापित किया है। यह पुरस्कार भारत के बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण की पहल के साथ जेएसडब्ल्यू समूह को जोड़ने में श्री जिंदल की महत्वपूर्ण भूमिका को मान्यता देता है। उनके नेतृत्व में, जेएसडब्ल्यू भारत के बंदरगाह क्षेत्र में दूसरी सबसे बड़ी निजी कंपनी के रूप में उभरी है, साथ ही अंतरराष्ट्रीय साझेदारी के माध्यम से इलेक्ट्रिक वाहनों और सैन्य ड्रोन सहित भविष्य-केंद्रित क्षेत्रों में भी कदम रख रही है।.

# प्रदेश में न्यूक्लियर एनर्जी की सात यूनिट लगेंगी

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के जरिए मप्र में रिन्युएबल नजों के आता विरऔर थर्मल एनजी के क्षेत्र बड़ी सौगात हैं। न्यूक्लियर 600 मेगावॉट क्षमता की 7 यूनिट लगेंगी। थर्मल एनर्जी की 600 मेगावाट क्षमता की दो यूनिट लगेगी। न्यूक्लियर एनर्जी के प्लांट के लिए 80 हजार करोड़ रुपए का निवेश होगा। इसमें नेशनल थर्मल पावर कॉरपोरेशन (एनटीपीसी) द्वारा न्यूक्लियर के ग्रीनफील्ड के 2 पावर प्लांट लगेंगे। रूरल इलेक्ट्रिफिकेशन कॉरपोरेशन द्वारा कैपिटल वर्क लोन के जरिए 21 हजार करोड़ रुपए का इन्वेस्टमेंट भी शामिल है।

जानकारी मिली है कि न्यूक्लियर और थर्मल एनर्जी की यूनिट के लिए अप्रूवल मिल चुका है। पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन द्वारा कैपिटल वर्क लोन के जरिए 26 हजार 800 करोड़ रुपए का इन्वेस्टमेंट की तैयारी की जा रही है। इसमें एनटीपीसी ग्रीन के 20 गीगावॉट के पावर जनरेशन पर होने वाले 1.2 लाख करोड़ रुपए का निवेश भी शामिल है। दो औद्योगिक घराने पहले ही प्रदेश की ट्रांसमिशन में 3000 करोड़ रुपए से ज्यादा इंस्टूमेंट इन्वेस्टमेंट कर चुके हैं इससे पहले पावर के क्षेत्र में सक्रिय दो बड़े औद्योगिक घराने अदाणी पावर और हैदराबाद के मेधा इंजीनियरिंग ग्रुप द्वारा प्रदेश में ट्रांसमिशन के क्षेत्र में 3000 करोड़ रुपए से ज्यादा का निवेश करने के करार हो चुके हैं। इन दोनों औद्योगिक घरानों द्वारा प्रदेश में एक्स्ट्रा हाई टेंशन सबस्टेशन के निर्माण किया जा रहे हैं।

# वोक्हार्ट हॉस्पिटल, नागपूर एक्सलन्स इन क्रिटिकल केअर अवॉर्ड'' से सम्मानित

## क्रिटिकल केअर में नया मापदंड स्थापित



नागपूर-(आरएनएस) मध्य भारत की प्रमुख स्वास्थ्य सेवा संस्था वोक्हार्ट हॉस्पिटल, नागपूर को असोसिएशन ऑफ हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स इंडिया (एएचपीआय) द्वारा प्रतिष्ठित एक्सलन्स इन क्रिटिकल केअर अवॉर्ड'' से सम्मानित किया गया है। इस पुरस्कार ने उनके रोगी सेवा में निरंतर उत्कृष्टता को उजागर किया है और नागपूर एवं महाराष्ट्र के अन्य हिस्सों में उत्कृष्ट क्रिटिकल केयर सेवा प्रदान करने वाले अग्रणी अस्पताल के रूप में स्थापित किया है। वोक्हार्ट हॉस्पिटल, नागपूर के केंद्र प्रमुख श्री रवी बागली ने कहा, गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों को सर्वोत्तम चिकित्सा सेवा देने की हमारी प्रतिबद्धता को इस सम्मान से और भी सुदृढ़ किया गया है। एएचपीआय द्वारा मिली यह मान्यता हमारे उच्च मानक स्वास्थ्य सेवाओं, सुरक्षा और रोगी-केंद्रित दृष्टिकोण को अधोरखित करती है। यह पुरस्कार न केवल हमारी चिकित्सा उत्कृष्टता का सम्मान है, बल्कि उन डॉक्टर, परिचारिका एवं स्वास्थ्य सेवा कर्मचारियों की कड़ीं मेहनत का प्रतीक है जो प्रतिदिन अनगिनत मरीजों की जान बचाने के लिए दिन-रात काम करते हैं। वोक्हार्ट हॉस्पिटल में क्रिटिकल केयर स्वास्थ्य सेवा मुख्य उद्देश्यों में से एक है। अस्पताल ने अत्याधुनिक चिकित्सा तकनीकी, मजबूत बुनियादी सुविधाएँ और तज्ञ चिकित्सकों में निरंतर निवेश किया है, जिससे विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना संभव हो पाया है। अत्याधुनिक मॉनिटरिंग प्रणाली, वेंटिलेटर और लाइफ सपोर्ट मशीनों से लैस क्रिटिकल केयर यूनिट में मरीजों को गंभीर आपातकालीन स्थितियों में भी सर्वोत्तम उपचार मिलता है। वोक्हार्ट हॉस्पिटल के क्रिटिकल केयर विभाग प्रमुख डॉ. चेतन शर्मा ने कहा, यह पुरस्कार क्रिटिकल केयर में निरंतर नवाचार और उत्कृष्टता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

स्वात्ताधिकारी मुद्रक प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिटंर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा मकान नंबर 358 साठियां कुआं जबलपुर से प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जबलपुर रहेगा। मो.नं. 9300696096, भोपाल 9425025999

MPIDC
MP INDUSTRIAL DEVELOPMENT CORPORATION LTD.

इन्वेस्ट मध्यप्रदेश
अनंत संभावनाएं


डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री


नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी**
के दूरदर्शी नेतृत्व में

देश का हृदय प्रदेश लिख रहा
विकास की नई गाथा

# ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट
## उद्घाटन

प्रधानमंत्री
**नरेन्द्र मोदी**
द्वारा

गरिमामयी उपस्थिति

**मंगुभाई पटेल**
राज्यपाल, मध्यप्रदेश

**डॉ. मोहन यादव**
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश



CII Confederation of Indian Industry

**24 फरवरी, 2025 । प्रात: 10:00**
**इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय, भोपाल**

EY Shape the future with confidence

सीधा प्रसारण Webcast.gov.in/mp/cmevents DD News @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

www.investmp.in

D-11195/24